भोपाल
शुक्रवार 13 जून
2025
भोपाल से प्रकाशित

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
dainiksandhyaprakash.in
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
वर्ष 54/ अंक 300/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10



## अहमदाबाद में यात्री विमान क्रैश का दूसरा दिन
# पीएम मोदी क्रैश साइट पर पहुंचे जायजा लिया व घायलों से की मुलाकात

### तबाही का मंजर बेहद दुखद

*पीएम मोदी ने X पोस्ट में लिखा- आज अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल का दौरा किया। तबाही का मंजर बेहद दुखद है। राहत और बचाव कार्य में जुटी टीमों और अधिकारियों से मुलाकात की, जो लगातार मेहनत कर रहे हैं। इस त्रासदी में जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं।*

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह करीब 8 बजकर 30 मिनट पर अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचे। यहां वह लगभग 10 मिनट तक रुके। दुर्घटनास्थल का बारिकी से जायजा लिया अफसरों से जानकारी भी ली। उन्होंने मेघाणीनगर में क्रैश हुई एअर इंडिया फ्लाइट के पीड़ितों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराए गए एकमात्र जीवित यात्री से भी मुलाकात की। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने हादसे के बारे में सूचना दी। एअर इंडिया विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी ली। पीएम मोदी के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री रामनोहन नायडू, गुजरात के गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी और केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री उस जगह भी गए जिस हॉस्टल पर विमान गिरा था। बता दें कि इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 265 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। इसके पहले गुरुवार देर शाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के समय विमान में सवा लाख लीटर ईंधन था। धमाके इतना तेज हुआ कि किसी को बचाने का मौका ही नहीं मिला। सभी को बाहर निकालने का काम पूरा हो चुका है। डीएनए सैंपल लेने की प्रक्रिया भी जल्द पूरी हो जाएगी। इसके बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। बता दें कि इस विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व सीएम और राज्य में भाजपा के दिग्गज नेता विजय रूपाणी की भी मौत हो गई है।

### गुजरात ATS ने मलबे से डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर बरामद किया



गुजरात ATS ने विमान के मलबे से फ्लाइट का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (DVR) बरामद किया है। ATS के एक अधिकारी ने बताया कि फोरेंसिक टीम जल्द ही यहां आएगी।





### रमेश विश्वास कुमार से उनका हाल जाना

पीएम घटनास्थल की समीक्षा करने के बाद अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल में हादसे में घायलों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने हादसे में बचने वाले इकलौते शख्स रमेश विश्वास कुमार से मुलाकात कर उनका हाल जाना।



### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का दौरा

गुजरात के अहमदाबाद में एअर इंडिया का यात्री विमान क्रैश हो गया. इस दुखद हादसे के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का दौरा किया. मीडिया को संबोधित करते हुए अमित शाह ने बताया कि इस हादसे में कई यात्रियों की मौत की आशंका है और पूरा देश शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार, गुजरात सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं. साथ ही बताया कि विमान हादसे के 10 मिनट के भीतर केंद्र को सूचना मिल गई थी और तुरंत गुजरात के मुख्यमंत्री, गृह विभाग और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच समन्वय शुरू कर दिया गया था.

### अहमदाबाद विमान हादसे के बाद सीएम यादव के जबलपुर और इंदौर में आज के कार्यक्रम स्थगित



भोपाल। अहमदाबाद विमान हादसे से पूरा देश शोक में डूबा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को जबलपुर और इंदौर में आयोजित अपने कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना में हुई यात्रियों की मृत्यु से पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। उन्होंने लिखा कि शुक्रवार को जबलपुर और इंदौर में आयोजित कार्यक्रम स्थगित कर रहा हूं। हालांकि आज मुख्यमंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विभाग और मेट्रो के काम की समीक्षा बैठक लेंगे। दुर्घटना में अपनों को खोने वाले परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। बता दें सीएम शुक्रवार को लाड़ली बहनों के खाते में राशि डालने वाले थे और इंदौर में एक कार्यक्रम शामिल होने वाले थे।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

### अब हिंदू पंचांग पर कोई उंगली न उठाए, हवाई दुर्घटना होने के इसमें दिए थे संकेत

**भोपाल।** अक्सर कथित बुद्धिजीवी और वामपंथी विचारधारा के लोग हिंदू ग्रंथों और पंचांग का उपहास उड़ाते हुए तमाम टीका-टिप्पणी करते आए हैं। मथ्बार समय-समय पर हमारे ग्रंथों ने अपनी सटीक राय देकर अपनी प्रामाणिकता सिद्ध की है। हाल ही हुई अहमदाबाद की दुखद दुर्घटना के बाद अब कोई भी कथित बुद्धिजीवी इन ग्रंथों पर उंगली न उठाए, क्योंकि हिंदू पंचांग ने इसके संकेत पहले ही दे दिए थे। मई के उत्तरार्द्ध से जून के पहले पखवाड़े तक का समय हिंदू पंचांग में हवाई दुर्घटना के लिए जोखिमपूर्ण बताया था। मगर इस माह में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। आपको बता दें कि अहमदाबाद से यह जो फ्लाइट लंदन की ओर उड़ी थी। उस विमान कंपनी का इतिहास काफी सुरक्षित यात्रा वाला रहा है।



### प्लेन क्रैश की जांच रिपोर्ट कहती है, बोइंग पर पहले भी दो दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी तय हो चुकी

**अहमदाबाद।** गुरुवार को दोपहर में हुए प्लेन क्रैश ने सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा किया है कि आखिर इतने सारे यात्रियों को ले जा रहा बोइंग विमान किस कारण से दुर्घटना का शिकार हो गया? इसका जवाब तो भारतीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मानदंडों और निर्देशों के तहत होने वाली जांच के बाद सामने आएगा लेकिन पूर्व में इंडोनेशिया तथा यूथिपीया में हुई घटनाओ के बाद सामने आई जांच रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए हैं, उन्हें पूरी दुनिया में नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए था। दोनों ही दुर्घटनाओं में बड़ी जनहानि हुई थी और इसके लिए बोइंग को ही जिम्मेदार माना गया था।अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जाता है कि अमेरिका की विमान कंपनी बोइंग को फ्रॉड के आरोप में दोषी पाया जा चुका है।



### निगल ली थी मधुमक्खी, गले में डंक लगने से अभिनेत्री करिश्मा के पूर्व पति संजय की मौत


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और भारतीय उद्योगपति संजय कपूर का 53 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। गुरुवार को ब्रिटेन में पोलो खेलते समय उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि खेल के दौरान एक मधुमक्खी उनके मुँह में चली गई, जिससे गले में डंक लगने के कारण दिल का दौरा पड़ा। संजय कपूर, जो सोना कॉमस्टार के चेयरमैन थे, ने हाल ही में अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट के क्रैश में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की थी। यह उनका आखिरी ट्वीट था, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। संजय कपूर के निधन की खबर सुनते ही उनके परिवार और बॉलीवुड हस्तियों ने शोक व्यक्त किया।



**शिलांग पुलिस के जांच अधिकारियों को शंका**

# सोनम की असल मोहब्बत तो कोई और है, राज का तो उसने इस्तेमाल किया!

**शिलांग।** राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच में पुलिस के सामने रोज नए खुलासे हो रहे हैं। राजा की हत्या करने वाले पत्नी सोनम समेत सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं। लेकिन, अब इस केस ने एक नया मोड़ ले लिया। अभी तक की जांच में साफ हुआ कि सोनम रघुवंशी ने ही राज कुशवाह और तीन आरोपियों के साथ मिलकर राजा को मारा। इसलिए कि वो विधवा होने के बाद राज से शादी कर सके। मगर यह थ्योरी पुलिस के गले नहीं उतर रही। उसे किसी व्यक्ति के इस कांड में शामिल होने की आशंका है, जिसकी मोहब्बत के लिए सोनम ने यह सब किया। पुलिस ने जो कहानी जानी है, उसके मुताबिक तो राज कुशवाह तो सोनम का एक मोहरा था। सोनम ने उसका राजा की हत्या के लिए इस्तेमाल किया। सोनम हत्या का मास्टरमाइंड राज को बता रही है, वहीं राज इस हत्याकांड के लिए सोनम को दोषी ठहरा रहा है। शिलांग पुलिस घटनास्थल पर सोनम और अन्य आरोपियों को लेकर जाएगी। वहां क्राइम सीन रीक्रिएट करके सबूत जुटाए जाएगी।



### सोनम ही इस कांड की असल मास्टरमाइंड?

एक रिपोर्ट के मुताबिक सोनम इस पूरे कांड की असल मास्टरमाइंड है। माना जा रहा है कि राज का इस्तेमाल एक मोहरे के रूप में किया गया। आरोपियों से पूछताछ की निगरानी कर रहे वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि सोनम ने सभी को झांसे में लेकर उनका इस्तेमाल राजा की हत्या के लिए किया। राज से प्यार का वादा किया तो अन्य को पैसों का लालच दिया। अब तक माना जा रहा था कि राज ने पूरे मामले की साजिश रची है। उसे सोनम का बॉयफ्रेंड भी बताया जा रहा। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि इस मामले में और भी बड़े खेल का खुलासा हो सकता है।

### एयर इंडिया के विमान में बम की धमकी, थाइलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली/फुकेत।** थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की उड़ान यूएआई 379 में बम की धमकी मिलने के बाद विमान को थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। इस फ्लाइट में मौजूद 156 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। विमान ने अंडमान सागर के ऊपर चक्कर लगाने के बाद फुकेत हवाई अड्डे पर वापस लैंड किया। धमकी देने वाले के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। यह घटना अहमदाबाद दुर्घटना के एक दिन बाद हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि, फ्लाइट ने शुक्रवार सुबह 9.30 बजे (02.30 स्थानीय समय अनुसार) फुकेत हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी, जिसे भारतीय समय अनुसार दोपहर 1 बजे दिल्ली पहुंचना था। हालांकि अंडमान सागर के पास धमकी मिलने के बाद फ्लाइट ने एक बड़ा घेरा बनाया और वापस लैंड कराया गया। एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट यूएआई 379 लैंड हो चुकी है और एयरपोर्ट इमरजेंसी सेवा के साथ आगे का काम कर रही है। इजराइल की तरफ से ईरान पर किए गए हमले के बाद दोनों ही देशों ने अपने-अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। यही कारण है कि भारत से जाने वाली कई फ्लाइटों को डायवर्ट किया गया है तो कई वापस राजधानी दिल्ली लौट रही हैं. इनको लेकर भी एअर इंडिय ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इसके साथ ही हर संभव मदद का भरोसा भी दिया है।



### पचमढ़ी प्रशिक्षण वर्ग में तीनों दिन रहेंगे सीएमः कल दोपहर 3 बजे अमित शाह करेंगे उद्घाटन, 16 को रक्षा मंत्री करेंगे समापन

**भोपाल।** पचमढ़ी में भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दोपहर 3 बजे करेंगे, जबकि समापन 16 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ ही केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सीआर पाटिल, शिवराज सिंह चौहान, सावित्री ठाकुर, डीडी उईके और एल मुरुगन सहित सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, महेन्द्र सिंह और शिवप्रकाश भी विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन देंगे।



# ईरान का इजराइल पर 100 ड्रोन से जवाबी हमला
## इजराइल ने रास्ते में ही मार गिराए; सुबह ईरान के 4 एटमी, 2 मिलिट्री ठिकाने तबाह हुए

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान ने इजराइल पर जवाबी हमले में 100 से ज्यादा ड्रोन दागे हैं। इजराइली सेना (द्वष्ठस्न) ने दावा किया है कि उनके लड़ाकू विमान ड्रोन को रास्ते में ही गिरा दे रहे हैं। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा पाया है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

इससे पहले आज सुबह इजराइल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं।



नेतन्याहू ने कहा कि ईरान की इस्राइल को नष्ट करने की नई योजना में देश को क्षेत्रीय प्रॉक्सी के साथ घेरना और सीधे हमले करना शामिल है। लेकिन इस्राइल के लोग और सैनिक हमारे देश की रक्षा के लिए शेरों की तरह उठ खड़े हुए। हमने हमास को कुचल दिया। हमने हिजबुल्ला को तबाह कर दिया। हमने सीरिया और यमन में ईरानी प्रॉक्सी को मारा। जब ईरान ने पिछले साल दो बार हम पर सीधा हमला किया, तो हमने ईरान के अंदर ही जवाबी हमला किया। फिर भी खुद की रक्षा करते हुए हम दूसरों की भी रक्षा करते हैं।







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में फ्रांस के भारत में राजदूत डॉ थिएरी मथो ने शिष्ट मंडल के साथ भेंट की। इस अवसर पर पर्यटन और उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## स्त्रोत की शुद्धता-जीवन में शांति का आधार



प्रकृति द्वारा शांति प्राप्त करने का सबको समानाधिकार दिया गया है। यदि शांति केवल धन से प्राप्त हो पाती तो वह अमीरों की जागीर बनकर रह जाती। अपने जीवन में कोई कितना ही धनवान क्यों न हो, लेकिन शांति को खरीद नहीं सकता और दुःखों को बेच नहीं सकता है। धन सुख के साधनों को तो उपलब्ध करा देता है, लेकिन शांति के साधनों को उपलब्ध नहीं करा पाता है। शांति का संबंध धन से नहीं अपितु हमारे धर्मयुक्त जीवन से है। जिस प्रकार जल का स्त्रोत ही विषाक्त होने पर पात्र की शुद्धता का कोई महत्व नहीं रह जाता, वह रोगों को ही जन्म देने वाला है। ठीक ऐसे ही धन के अर्जन का स्त्रोत दूषित रहने पर वह भी जीवन की अशांति का कारण ही बनने वाला है। गलत मार्गों से अर्जित धन किसी मनुष्य को बाहर से समस्त सुख साधनों को उपलब्ध करवा कर भी भीतर से अतृप्त ही रखता है।

### नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

# नशा मुक्ति के लिए समन्वित प्रयास जरूरी: कलेक्टर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए विनाशकारी है,इसके दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराना आवश्यक है ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक देहात श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नीरज चौरसिया, एडीएम श्री प्रकाश नायक नारकोटिक्स नोडल एसडीओपी सुश्री मंजू चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों एवं कॉलेजों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक देहात श्री प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि 12 जून से 26 जून तक एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।




**कलेक्टर सिंह ने चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता पोस्टर का किया विमोचन:** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा संयुक्त संचालक आर.बी सेमिल के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशामुक्त भोपाल की संकल्पना की गई एवं श्री सिंह द्वारा चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता पोस्टर का विमोचन किया गया। चित्रकला/ स्लोगन को ऑनलाइन 23 जून तक ईमेल या कार्यालय संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय विभाग पुराना सचिवालय में कार्यालयीन समय में जमा किया जा सकता है चित्र 3 शीट में बनी होनी चाहिए। सहारा साक्षरता एज्यूकेशनल एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शिवराज कुशवाहा द्वारा बताया गया कि प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार विजेताओं के साथ अन्य 3 - 3 को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप सम्मानित किया जाएगा एवं सर्वश्रेष्ठ चित्रों का पोस्टर भी प्रकाशित किया जाएगा द्य

**सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर राज्यपाल की ओर से कलेक्टर को प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह:** शहीद सैनिकों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों तथा सशस्त्र सेना झण्डा निधि में लक्ष्य से अधिक राशि एकत्रित कर सहयोग करने के लिए राज्पाल श्री मंगूभाई पटेल की ओर से कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल की ओर से रिटायर्ड कर्नल श्री राजीव खत्री द्वारा कलेक्टर श्री सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि भूतपूर्व सैनिकों तथा शहीद सैनिकों के परिजनों के कल्याण हेतु वर्ष 2024-25 में भोपाल जिले द्वारा निर्धारित लक्ष्य 1351900 रुपये के विरूद्ध 1508081 रुपये की राशि एकत्रित कर प्रदान की गई है।

## मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में आज होगा योगा, लगभग 300 छात्राएं होंगी शामिल

**संत हिरदाराम नगर।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस की दसवीं वर्षगांठ पर योग को सभी के लिए आकर्षक, रूचिकर, सहज और मनमोहक बनाने के लिए आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नैचुरोपैथी, पुणे द्वारा विभिन्न गतिविधियां देशभर में आयोजित की जा रही है। इसी के अंतर्गत युवाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नैचुरोपैथी एंड यौगिक साइंसेस फॉर वुमन को प्राप्त हुई है।

जिसके तहत 13 जून को मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में कॉमन योगा प्रोटोकॉल आयोजित किया जायेगा जिसमें लगभग 300 छात्राएं सम्मिलित होंगी। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी सभाजीत यादव एवं मुख्य अतिथि डॉ. राजीव मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर, आयुष विभाग होगें कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा संगीतमय योग प्रस्तुति भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय द्वारा योगा अनप्लग्ड एक्टीविटी के अंतर्गत स्कूल तथा कॉलेज में अध्ययनरत युवाओं के लिए योग से संबंधित वीडियो निर्माण, सामूहिक योग प्रस्तुति जैसे योग पिरामिड और संगीतमय योग शामिल हैं और योग के माध्यम से शरीर-मन-आत्मा का उपचार विषय पर निबंध प्रतियोगिता ऑनलाईन आयोजित की गई है। इसके साथ ही 16 जून को एम्स भोपाल के प्रोफेसर डॉ. वरूण मल्होत्रा द्वारा छात्राओं के लिए योग एवं ध्यान पर केन्द्रित विशेष कार्यशाला आयोजन किया जायेगा। इसी दिन छात्राओं के लिए रंगोली तथा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## ग्लोबल फैटी लीवर डे के पर स्वास्थ्य संस्थाओं में लगे स्क्रीनिंग शिविर

**भोपाल।** ग्लोबल फैटी लीवर डे के अवसर पर गुरुवार को शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश कार्यालय में भी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविरों में कमर का माप, वजन, बीएमआई की जांच के अलावा परिवार में उच्च रक्तचाप, मधुमेह के इतिहास और जीवनशैली की जानकारी ली गई। शासन द्वारा नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग के लिए स्वस्थ यकृत लीवर मिशन चलाया जा रहा है। जिसमें लीवर संबंधी बीमारियों की जागरुकता, प्रारंभिक पहचान, उपचार और रोकथाम को शामिल किया गया है। अभियान 21 मई को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा प्रारम्भ किया गया था।

मिशन के तहत प्रारम्भिक स्क्रीनिंग में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा 30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का बीएमआई, सीबैक स्कोर एवं कमर का माप लिया जा रहा है। बीएमआई 23 से अधिक होने, महिलाओं में कमर का माप 80 सेमी और पुरुषों में 90 सेमी से अधिक होने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच के लिए रेफरल किया जा रहा है। शिविरों में 2394 व्यक्तियों की बी एम आई स्क्रीनिंग में 663 का बीएमआई अधिक पाया गया। 977 पुरुषों की स्क्रीनिंग में 270 और 1417 महिलाओं में से 477 की कमर का माप निर्धारित मापदंडों से अधिक मिला है। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही प्रारंभिक स्क्रीनिंग में संदिग्ध द्मस्नस्ठ मामलों की जांच स्वास्थ्य संस्थाओं में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा की जा रही है। FIB-4 स्कोर की गणना के आधार पर प्लेटलेट काउंट, SGOT (ST), SGPT (ALT) जांच एवं चिकित्सकीय सलाह पर FIBROSCAN भी किया जायेगा। स्क्रीनिंग एवं जांच के अलावा अभियान में लीवर को स्वस्थ रखने के लिए घर में उपलब्ध पौष्टिक आहार के सेवन, शराब एवं धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी जा रही

### 17 जून से कक्षा 10वीं व 12वीं की द्वितीय परीक्षा,

**भोपाल।** एमपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 202 मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के कक्षा 10वीं-12वीं के असफल छात्रों के लिए काम की खबर है।मंडल द्वारा कक्षा 10वीं की द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून तक और 12वीं की परीक्षा 17 जून से 05 जुलाई तक आयोजित की जाएगी, जिसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है।दोनों परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। प्रश्नपत्र थाने में रखे जाएंगे और केंद्राध्यक्ष,सहायक केंद्राध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधि की निगरानी में निकालकर केंद्रों पर भेजे जाएंगे। पूरी निगरानी इस बार भी ऑनलाइन एप के माध्यम से की जाएगी। इस बार कुल 3.31 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है,जबकि दोनों कक्षाओं में 5.10 लाख विद्यार्थी फेल हुए थे।इसमें 1.79 फेल विद्यार्थियों ने आवेदन नहीं किया।

## नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में विशेष शिक्षक उन्मुखीकरण सत्र आयोजित



**भोपाल।** शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के सभागार में 12 जून को दिशा-निर्देशों के अनुरूप एक विशेष शिक्षक उन्मुखीकरण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र स्कूलों में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर केंद्रित था। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यालयों में सभी लिंगों के प्रति निष्पक्षता, समावेशिता एवं समान अवसर की भावना से कार्य करने हेतु प्रशिक्षित करना था, जिससे एक सुरक्षित, सम्मानजनक और सहयोगपूर्ण शैक्षणिक वातावरण का निर्माण किया जा सके। सत्र की विशेषज्ञ वक्ता सागर पब्लिक स्कूल की उपप्राचार्य रितिशा गुप्ता एवं बाल भारती पब्लिक स्कूल की उपप्राचार्य डॉ. सकीना नायडू रहीं। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विद्यालयों को लैंगिक समता और संवेदनशीलता का सशक्त मंच बनाना आवश्यक बताया। रितिशा गुप्ता ने कहा, शिक्षकों को शिक्षण भाषा में लैंगिक रूढ़ियों से मुक्त अभिव्यक्तियाँ अपनानी चाहिए एवं पाठ्यक्रम में सभी लिंगों का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रयास में केवल विद्यालय ही नहीं, अभिभावकों और समाज की भी सक्रिय भागीदारी ज़रूरी है। सत्र में मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर भी सारगर्भित चर्चा हुई। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि भावनात्मक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक संतुलन की स्थिति है। सत्र का एक विशेष खंड ट्रांसजेंडर समुदाय की स्थिति और अधिकारों पर केंद्रित रहा। डॉ. सकीना नायडू ने कहा, ट्रांसजेंडर व्यक्ति समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें भी शिक्षा, सम्मान और अवसर में समानता मिलनी चाहिए। लिंग पहचान के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है।

उन्होंने शिक्षकों को सुझाव दिया कि पाठ योजना बनाते समय, शिक्षण विधियों और कक्षा गतिविधियों के चयन में यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी को सोचने, समझने और भाग लेने का समान अवसर प्राप्त हो। इस अवसर पर संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अमृता मोटवानी, मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, केवलराम चेनराय पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सुमन विश्वकर्मा, तीनों विद्यालयों के कोऑर्डिनेटर्स एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। सत्र की दोनों वक्ताओं का श्रीफल एवं सरोपा भेंट कर गरिमापूर्ण सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अंजू गोगिया एवं लता दुदानी द्वारा किया गया।

## नवागत सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने गांधीनगर अस्पताल का किया निरीक्षण

### मरीजों को परेशानी होने की शिकायत मिलने पर होगी संबंधितों पर कार्यवाही

**भोपाल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.मनीष शर्मा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर का निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं का जायजा लिया गया। डॉ. शर्मा द्वारा ओपीडी, प्रसव कक्ष, पीएनसी वार्ड, लेबोरेट्री, दवा वितरण सहित विभिन्न सेवाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.रितेश रावत, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सहित चिकित्सक एवं प्रबंधकीय स्टाफ उपस्थित रहे।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ.मनीष शर्मा ने निर्देश दिए कि इस अस्पताल से ग्रामीण क्षेत्र की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं, इसलिए ओपीडी के निर्धारित समय में सभी चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ ड्यूटी पर उपस्थित रहें। आकस्मिक स्थिति में रात के समय में भी सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध रहे। शाम की ओपीडी में सभी चिकित्सक सेवाएं प्रदान करें। डॉ. शर्मा ने सीबीएमओ को निर्देशित किया कि विकासखंड में संचालित सभी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग एवं बैठकों को निर्धारित एजेंडा के किया जाना सुनिश्चित किया जाए। अस्पताल में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। मरीज को उपचार लेने में विलंब या परेशानी ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. शर्मा द्वारा भर्ती मरीजों से बात कर सेवाओं की जानकारी भी ली गई ।

## रबींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी में मेधावी छात्रों का सम्मान




**भोपाल।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में भोपाल, रायसेन और नर्मदापुरम के 34 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह रहीं। विशिष्ट अतिथियों में विश्वविद्यालय की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, प्रतिकुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, तथा आयोजन समन्वयक एवं डीन एडमिशन डॉ.अनिल तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राधा सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा, ÷मेधावी छात्र हमारे समाज का भविष्य हैं। उनकी मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता से राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान संभव है। यह समारोह उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से समाज को गौरवांवित किया है। मेधावी छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने अपने स्वागत भाषण में शिक्षा के माध्यम से समाज के उत्थान पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के उत्थान का सशक्त उपकरण है।

## गुरुद्वारे पर ब्रह्मलीन साध्वी द्रोपदी धनवानी की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई

### भाई चमनजीत सिंह महाराज का कीर्तन सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, प्रसाद किया ग्रहण

**संत हिरदाराम नगर।** अपना संपूर्ण जीवन ब्रह्मचर्य जीवन जीते हुए मानव सेवा एवं गुरु ग्रंथ साहिब व गुरु नानक देव की आराधना में लीन कर देने वाली ब्रह्मलीन साध्वी द्रोपद्री देवी धनवानी की प्रथम पुण्यतिथि गुरूवार को श्रद्धा के साथ मनाई गई। मिनी मार्केट स्थित गुरूद्वारें पर सुबह 6 से 7:30 बजे तक विशाल कीर्तन एवं प्रवचनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुबह 5 बजे पिछले 40 दिनों से चल रहे विशेष सुखमनी एवं गुरूग्रंथ साहिब के पाठ साहिब का भोग साहिब हुआ। इस अवसर पर दिल्ली से विश्व प्रसिद्व कीर्तनकार व प्रवचनकार भाई चमनजीत सिंह भी संत हिरदाराम नगर पहुंचे। उन्हें सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जमा हुए। उनका सत्संग सुबह 6:30 बजे प्रारंभ हुआ जो 8 बजे तक चला। इस दौरान उन्होंने गुरूग्रंथ साहिब एवं गुरूनानक देव की महिमा के अनेक भजन गाए तथा वाहे गुरू वाहे गुरू का जाप करावाया।



बड़ी संख्या में मौजूद संगत को भाई चमनजीत महाराज ने अर्जुनदेव और गंगादेवी की कहानी विस्तार से सुनाई। जिन्हें कोई औलद नहीं थी लेकिन उनके द्वारा जो कुछ भी जोड़ा गया था उस पर अर्जुनदेव के बड़े भाई पृथ्वीचंद की नजर थी औलाद न होने की से दुखी गंगादेवी को गुरू अर्जुनदेव ने कहा कि औलदा न होने का जो श्राप मिला है वह केवल बुड्ढा बाबा ही पूरी कर सकते हैं फिर तरह तरह के व्यंजन बनाकर वह बुड्ढा बाबा के यहां गई जिन्होंने गुरूनानक देव जी के दर्शन किए थे। गंगादेवी उनके चरणों में पहुंची उन्हें लंगर खिलाया जिसके बाद उन्हें पुत्र होने का आशीर्वाद दिया। बुड्ढा बाबा और गुरूनानक देव के आशीर्वाद से दस माह बाद महाबली योद्धा का जन्म हुआ। जिसने मुगलों के सिर फोड़े। वह महाबली योद्धा बना जिसका नाम रखा गया हरभजन साहिब। महाराज ने कहा कि जिनके यहां भी पुत्र नहीं होता है अगर वह बुड्ढा बाबा जी एवं गुरूनानक देव का स्मरण कर गुरूग्रंथ साहिब एवं सुखमनी का पाठ करेगा। उसके यहां पुत्र की प्राप्ति अवश्य होगी। कथा समाप्ति के बाद लंगर प्रसाद का सभी ने आनंद लिया।



### 24 घंटे महिलाएं करती है गुरुद्वारे का संचालन

यह संत नगर की ही नहीं बल्कि राजधानी का एकमात्र ऐसा गुरुद्वारा है जिसका पूरा संचालन महिलाओं के हाथों में है और यह 24 घंटे खुला रहता है 24 घंटे ही सुखमनी साहिब जी का पाठ साहिब, जपजी साहिब जी का पाठ चौपाई गुरबाणी का पाठ निरंतर चलता है, इसके लिए अलग-अलग समय पर महिलाओं की ड्यूटी लगाई गई है यह एकमात्र ऐसा गुरुद्वारा है जहां 24 घंटे लंगर भी चलता है।

# प्रदेश में अफसर-कर्मचारियों को मिलेगा कैशलेस बीमा योजना का लाभ

### पेंशनर्स को लेकर फैसला जल्द

सांध्य प्रकाश संवाददाता

● भोपाल



मुख्यमंत्री वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना पर मुहर लगाएंगे। हालांकि इस बीच एक बड़ा सवाल यह है कि क्या पेंशनर्स को भी इस सुविधा का लाभ मिलेगा? अब पेंशनर वर्ग की नजरें इस बैठक पर टिकी हैं, जहां तय होगा कि उन्हें कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी या नहीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में इस योजना का ऐलान किया था। इसके तहत प्रदेश के 10 लाख से अधिक अधिकारी और कर्मचारी देशभर में किसी भी अस्पताल में कैशलेस इलाज करा सकेंगे। पहले सामने आया था कि इलाज की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपए रखी जाएगी, लेकिन अब योजना को और भी व्यापक बनाते हुए इलाज की लिमिट को अनलिमिटेड किया जाएगा। अब किस बीमारी के लिए कितनी राशि मिलेगी, इसका निर्धारण आयुष्मान कार्ड के हिसाब से किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर मान लीजिए आयुष्यान योजना में एक बीमारी के लिए 50 हजार तय हैं तो प्रदेश सरकार की कैशलेस बीमा योजना में भी संबंधित कर्मचारी को उसी हिसाब से उस बीमारी के लिए 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### हर महीने 250 रुपए से 1200 रुपए तक प्रीमियम

सरकार यह व्यवस्था कर्मचारियों से अंशदान यानी प्रीमियम लेकर संचालित करेगी। यह प्रीमियम पदनाम और वेतन के आधार पर तय होगा। न्यूनतम 250 रुपए से लेकर अधिकतम 1200 रुपए तक प्रीमियम के रूप में लिए जाएंगे। अभी तक की रूपरेखा में पेंशनर्स को लेकर स्थिति साफ नहीं है। यदि उन्हें योजना में शामिल किया जाता है तो कई सवाल उठेंगे... जैसे क्या उनके लिए अंशदान की अलग व्यवस्था होगी? क्या इलाज की सीमा अलग रखी जाएगी? क्या उनका इलाज भी पूरे देश में कैशलेस होगा? सीएम की 13 जून की बैठक में इन सभी बिंदुओं पर अंतिम फैसला होगा। वित्त विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग योजना का प्रारूप पहले ही तैयार कर चुके हैं। फायनेंस विभाग पेंशनस को कैशलेस बीमा योजना का लाभ देने पर पहले आपत्ति जता चुका है। अब पेंशनर्स को लेकर सीएम की बैठक में पूरी स्थिति साफ होगी।

### कैशलेस सुविधा क्यों है जरूरी

वर्तमान में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम 2022 के तहत कर्मचारी इलाज कराते हैं और फिर रिम्बर्समेंट के लिए लंबी और जटिल प्रक्रिया से गुजरते हैं।

### इनडोर (अस्पताल में भर्ती होने पर)

5 लाख रुपए तक का क्लेम संभागीय सरकारी अस्पताल की कमेटी तय करती है। 5 से 20 लाख रुपए तक के मामलों पर स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक की अध्यक्षता में बनी कमेटी फैसला करती है।

### आउटडोर (बिना भर्ती इलाज)

सालाना 20 हजार रुपए तक की सीमा है, जिसमें हर तीन माह में 8 हजार से ज्यादा नहीं हो सकता। इसके लिए जिला मेडिकल बोर्ड की स्वीकृति जरूरी होती है।

### रिम्बर्समेंट की खामियां और कर्मचारियों की पीड़ा

दरअसल, रिम्बर्समेंट के लिए मिलने वाला बजट शहरी कर्मचारियों पर पहले ही खर्च हो जाता है। ग्रामीण और फील्ड में काम कर रहे कर्मचारियों को अगले वित्तीय वर्ष तक इंतजार करना पड़ता है। दूसरा, अप्रूवल, मेडिकल बोर्ड, दस्तावेज और स्वीकृति की लंबी प्रक्रिया ने कर्मचारियों को इलाज से ज्यादा कागजों की दौड़ में उलझा दिया है।

# अब 16 जून को आएंगे लाड़ली बहना के खाते में रुपए, जबलपुर से सीएम करेंगे ट्रांसफर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के लिए राहत और उम्मीद की खबर एक बार फिर सामने आई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 25वीं किस्त को लेकर जो कार्यक्रम पहले 13 जून को होना था, उसे अब 16 जून को आयोजित किया जाएगा। जबलपुर कलेक्टर कार्यालय ने नई तारीख की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर जिले के ग्राम बेलखेड़ा (तहसील शहपुरा) में आयोजित लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में शामिल होंगे और एक क्लिक से राज्यभर की बहनों के बैंक खातों में योजना की राशि ट्रांसफर करेंगे। जबलपुर कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी नई सूचना में साफ कहा गया है कि लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन कार्यक्रम अब 16 जून 2025 को माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम बेलखेडा (तहसील शहपुरा) में आयोजित होगा। इससे




Photograph: (THESOOTR)

पहले यह सम्मेलन 13 जून को तय था, जिसे प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया था। लेकिन अब इसकी नई तारीख तय होने से महिलाओं में एक बार फिर उम्मीद जागी है।

**अहदाबाद हादसे के बाद कार्यक्रम रद्द करन का फसला:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त करते हुए विमान दुर्घटना में दिवंगतों के प्रति संवेदना व्यक्त की और शुक्रवार 13 जून को होने वाले अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। इसी कारण जबलपुर में 13 जून को होने वाले लाडली बहना सम्मेलन कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया है और इस कार्यक्रम के लिए नई तारीख 16 जून तय की है।

### लाड़ली बहनाओं को 25वीं किशत का इंतजार

लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1.27 करोड़ से अधिक महिलाएं हर महीने 1250 की आर्थिक सहायता पा रही हैं। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और घरेलू खर्चों में उन्हें सहायता देना है। अब तक इस योजना की 24 किस्तें जारी की जा चुकी हैं, और 25वीं किस्त को लेकर महिलाओं के बीच खास उत्साह है। यह सिर्फ एक आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि सरकार की ओर से महिलाओं के प्रति सम्मान और समर्थन का प्रतीक बन चुका है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा बोले-निगम-मंडलों में नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम मोड़ पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजनीति में इन दिनों जो सबसे अहम सवाल तैर रहा है, वह यही है कि आखिर निगम-मंडलों में नियुक्तियां कब होंगी? नेताओं को ताजपोशी के लिए कितना और इंतजार करना होगा? सत्ता की परछाइयों में दम साधे बैठे बीजेपी नेता और कार्यकर्ता अब अपने हिस्से की सत्ता चाहते हैं।इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। एक अखबार से बातचीत में उन्होंने कहा कि निगम-मंडलों में नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम मोड़ पर है। जल्द ही इसका औपचारिक ऐलान किया जाएगा। निगम-मंडलों में नियुक्ति राजनीतिक रणनीति का बड़ा हिस्सा होती है। ये पद संगठन के उन नायकों के लिए इनाम होते हैं, जिन्होंने पार्टी को जमीन पर खड़ा रखा। हालांकि इस बार सूबे में यह मामला इतना सीधा नहीं है। विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले बीजेपी में कांग्रेस और अन्य दलों से आए नेताओं की लंबी कतार जुड़ी है। पार्टी ने इन आयतित नेताओं को मंच और मौका दिया है।



अब बारी निगम-मंडलों की है। सवाल यह है कि क्या पार्टी अपने पुराने वफादारों को भूल जाएगी? या फिर संतुलन साधने की कवायद होगी? मध्यप्रदेश में निगम-मंडलों की स्थिति देखने पर यह साफ होता है कि मौजूदा सरकार के पास नियुक्तियों की बड़ी खिड़की खुली है। प्रदेश में 64 वैधानिक निकाय और उपक्रम हैं, जिनमें से निगम/मंडल, स्टेट बोर्ड, आयोग और नगरीय संस्थाएं शामिल हैं। ऐसे में यह एक ऐसा पावर गेम है, जहां सैकड़ों नेताओं को बल्लेबाजी कराई जा सकती है। मोहन सरकार ने अब तक केवल तीन प्रमुख नियुक्तियां की हैं, जिनमें राजनीतिक समीकरण स्पष्ट झलकते हैं। सीताराम आदिवासी को सहरिया विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि यह कदम विजयपुर उपचुनाव से पहले आदिवासी वोट बैंक को साधने की रणनीति के तहत किया गया था। मोहन नागर को जन अभियान परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, श्रीकांत पाटिल क्रिप्स के एमडी बनाए गए हैं।

### पुरानी नियुक्तियों को रद्द किया

13 फरवरी 2025 को मोहन सरकार ने बड़ा और सख्त फैसला लेते हुए शिवराज सरकार के समय की गई 46 नियुक्तियों को एक ही आदेश से निरस्त कर दिया था। इनमें वे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष शामिल थे, जिन्हें राज्य मंत्री या कैबिनेट दर्जा दिया गया था।

मोहन सरकार ने यह संदेश दिया कि अब नई सत्ता संरचना बनेगी और पुरानी वफादारियों की जगह नई कार्यशैली को महत्व मिलेगा। यह कदम बीजेपी में नई लाइन अप की शुरुआत के तौर पर देखा गया था। गौरतलब है कि शिवराज सिंह चौहान ने अपने कार्यकाल में निगम-मंडलों के पदों पर 60 राजनीतिक नियुक्तियां की थीं। अब जब प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो सभी निगाहें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की अगली रणनीति पर टिकी हैं। क्या पुराने नेताओं को सम्मान मिलेगा या पार्टी फिर से संगठन से ज्यादा समीकरण देखेगी?

# यकृत स्वस्थ तो जीवन स्वस्थ, यकृत की देखभाल को बनाएं प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री शुक्ल

### 'ग्लोबल फैटी लिवर दिवस' पर स्वास्थ्य अधिकारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**भोपाल।** विकसित भारत के साथ-साथ स्वस्थ भारत का निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यदि यकृत स्वस्थ रहेगा, तो जीवन भी स्वस्थ रहेगा और जब जीवन स्वस्थ होगा, तब परिवार, समाज और पूरा प्रदेश भी स्वस्थ और सशक्त बनेगा। उक्त विचार उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 'ग्लोबल फैटी लिवर दिवस' पर सागर में वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश के सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पद्म भूषण डॉ शिव कुमार सरीन, निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली भी चर्चा में जुड़े। उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री शुक्ल ने कहा कि 'ग्लोबल फैटी लिवर डे' केवल एक दिन नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, जागरूकता और स्वस्थ भविष्य की दिशा में सामूहिक संकल्प का संदेश है। उन्होंने कहा कि यकृत (लिवर) हमारे शरीर का सबसे मौन किंतु अत्यंत कार्यशील अंग है। यह अंग ऊर्जा उत्पादन, विषहरण, प्रतिरक्षा और पाचन जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं की आधारशिला है। जब यकृत प्रभावित होता है, तो उसके लक्षण बहुत देर से प्रकट होते हैं और तब तक शरीर को गंभीर हानि पहुँच चुकी होती है। ऐसे में आवश्यक है कि हम समय रहते यकृत की देखभाल को अपनी प्राथमिकता बनाएं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मोटापा, मधुमेह, असंतुलित आहार, शारीरिक निष्क्रियता और मानसिक तनाव एनएएफएलडी के प्रमुख कारण हैं। ये सभी कारक जीवनशैली से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आह्वान किया कि नागरिक अपने और परिवार की जाँच अवश्य कराएं। संतुलित आहार अपनाएं, जंक फूड से बचें, और रोजाना कम से कम 30 मिनट तक शारीरिक गतिविधि को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि 'स्वस्थ यकृत मिशन' को और भी सशक्त बनाया जाएगा। स्क्रीनिंग से लेकर उपचार तक हर स्तर पर सरकार आपके साथ खड़ी है। स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक उपकरण, प्रशिक्षित मानव संसाधन और बेहतर उपचार सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि 21 मई 2025 को राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वस्थ यकृत मिशन का शुभारंभ किया। यह एक समर्पित जनस्वास्थ्य पहल है, जो केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि रोकथाम, जनजागरूकता, स्क्रीनिंग, रेफरल तथा फॉलोअप के प्रत्येक चरण को एकीकृत रूप में सम्मिलित करती है। 2 जून 2025 से लेकर आज तक हम लगभग 10 लाख नागरिकों की एनएएफएलडी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इनमें से 1.27 लाख लोगों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 23 से अधिक पाया गया। 1 लाख 24 हज़ार 131 (24 प्रतिशत) महिलाओं की कमर की माप 80 सेंटीमीटर से अधिक और 93 हज़ार 738 (19 प्रतिशत) पुरुषों की कमर की माप 90 सेंटीमीटर से अधिक पाई गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ये आंकड़े मात्र संख्याएँ नहीं हैं ये एक गंभीर चेतावनी हैं। यह संकेत है कि हम सचेत हो जाएँ और भविष्य की चुनौती के प्रति सजग रहें।

## जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में भूतेश्वर बावड़ी कुआं सफाई अभियान में हुए शामिल



उप मुख्यमंत्री एवं सागर ज़िले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि ऐतिहासिक मंदिरों के आस-पास नदी, तालाब, बावड़ी, कुआँ, आदि जलस्रोत रहते हैं। इन्हें संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। ये जलस्रोत मंदिर में जल आपूर्ति करने के साथ ही आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय निवासियों की जल मांग को भी पूरा करते थे। आज इनमें से कई जल स्रोत लगभग विलुप्ती की कगार पर हैं और अत्यधिक प्रदूषित भी हैं। जल जीवन का अभिन्न घटक है और इसकी प्रत्येक बूंद को बचाना हमारी आवश्यकता और अनिवार्यता है। इसके लिए छोटा हो या बड़ा प्रत्येक जल स्रोत का संरक्षण हमें करना चाहिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जल गंगा संवर्धन अभियान में सागर के भूतेश्वर मंदिर प्रांगण में जनप्रतिनिधियों के साथ प्राचीन जलस्रोत की साफ-सफाई की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भूतेश्वर महादेव मंदिर में जन प्रतिनिधियों सहित पूजा-अर्चना की और सभी सागर जिला एवं प्रदेशवासियों हेतु मंगल कामना की। उन्होंने भूतेश्वर मंदिर में बने प्राचीन बावड़ी कुआँ से फूल पत्ती कचरा आदि निकाल कर सफाई एवं जीर्णोद्धार का अभियान प्रारम्भ किया। उन्होंने भूतेश्वर मंदिर प्रांगण के विकास कार्यों की जानकारी ली और कहा कि प्राचीन सिद्ध स्थलों व मंदिरों का संरक्षण महत्वपूर्ण है। बताया गया कि भूतेश्वर महादेव मंदिर सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर पत्थरों से निर्मित किया जा रहा है। यहां मौजूद बावड़ी कुआँ के आकार की है जो कि बहुत प्राचीन है।

# बिजली उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर ऊर्जा मंत्री ने सुनीं समस्याएं



**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर गुरुवार सुबह 4 बजे भोपाल एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुचते ही एक्शन में नजर आए। उन्होंने रेलवे स्टेशन से महाराजपुरा विद्युत वितरण केन्द्र पहुंचकर निरीक्षण किया तथा एफओसी के तहत दर्ज विद्युत शिकायतों का, उपभोक्ताओं से सीधे फोन पर बात कर निराकरण किया। तोमर ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में बेवजह का विद्युत अवरोध नहीं होना चाहिए। यथासंभव उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के साथ मुख्य अभियंता अमित श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता श्री नितिन मांगलिक, कार्यपालन अभियंता श्रीनिवास यादव के अलावा अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने महाराजपुरा विद्युत वितरण केन्द्र का निरीक्षण करने के उपरांत ग्वालियर के गोवर्धन कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी, दीनदयाल नगर, शताब्दीपुरम सहित कई इलाकों में जाकर नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और सुधार के लिये तत्काल निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी खामियां समयबद्ध रूप से दुरुस्त की जाएँ, ताकि नागरिकों को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा उपलब्ध हो सके। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने इस दौरान उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर विद्युत समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निराकरण किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पंखे कूलर और एसी का उपयोग आवश्यक है, लेकिन ऐसा कोई कार्य ना करेंजिससे बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान आए। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से कहा कि वह ऊर्जा विभाग का सहयोग करें। सामने आ रही बिजली की समस्या के निदान के लिए यह सेवक और पूरा ऊर्जा विभाग मैदान में है। बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर पर पड़ने वाले अतिरिक्त भार से बचने का तरीका यह है कि उपभोक्ता अपनी घरेलू बिजली का लोड बढ़वाएं तथा वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि मध्य प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है, मध्यप्रदेश में बिजली सरप्लस है, लेकिन तकनीकी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने अपील की कि अगर हम बिजली कंपनी का सहयोग करें, तो तकनीकी समस्याओं को दूर करने में काफी हद तक निजात पाई जा सकती है।विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करने के उपरांत ऊर्जा मंत्री श्री तोमर सीधे न्यू कॉलोनी कांच मील स्थित नवीन पार्क पहुंचे तथा यहां सफाई दूतों के साथ स्वर्गीय देवेन्द्र सिंह तोमर मार्ग पर झाड़ू लगाकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

## डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा एमपी स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच में सहकार्यता अनुबंध के उद्देश्यों की पूर्ति और डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। समिति के उपाध्यक्ष मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विकास और सहकारिता मंत्री होंगे। समिति में सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव सहकारिता, अध्यक्ष एनडीडीबी, प्रमुख सचिव वित्त विभाग, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, प्रबंध संचालक एवं कार्यकारी निदेशकगण एनडीडीबी तथा संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य सचिव प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश राज्य को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन होंगे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के हित में एवं सहकारी प्रणाली और सांची ब्रांड का उन्नयन करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं सम्बद्ध दुग्ध संघ के संचालन एवं प्रबंधन के लिए सहकारिता अनुबंध पर सहमति दिए जाकर अनुबंध निष्पादन किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इस संबंध में अप्रैल माह में सहकार्यता अनुबंध निष्पादित किया गया था।

## जल गंगा संवर्धन अभियान: नदियां हो रही हैं पुनर्जीवित, जल संरक्षण में शासन और समाज की सहभागिता

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश सरकार की महत्त्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नदियों, जल स्त्रोतों और वेटलैण्ड्स का संरक्षण व पुनर्जीवन है। शासन और समाज के समन्वित प्रयासों से इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

खंडवा जिले में आम नागरिकों और प्रशासन के सहयोग से नर्मदा की सहायक घोड़ा पछाड़ नदी को पुनर्जीवित किया गया है। अंधाधुंध भू-जल दोहन के कारण यह नदी और आसपास की कई छोटी नदियाँ सूख चुकी थीं, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही थी। रिज टू वैली सिद्धांत पर आधारित जल संरचनाओं के निर्माण से लगभग 33 किलोमीटर क्षेत्र में जल संचय किया गया। परिणामस्वरूप घोड़ा पछाड़ नदी में फिर से जल प्रवाह शुरू हो गया है, जिससे वर्ष भर इन नदियों के प्रवहमान रहने की संभावनाएं बनी हैं।

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नर्मदा, चंबल, क्षिप्रा, बेतवा, सोन, टोंस, ताप्ती, कान्ह, माही, सिंध, और बेनगंगा सहित प्रमुख नदियों का सर्वेक्षण किया गया। अध्ययन में पाया गया कि 158 नालों से प्रतिदिन लगभग 450 मिलियन लीटर घरेलू अपशिष्ट जल सीधे इन नदियों में बहाया जा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए नगरीय विकास विभाग द्वारा 869 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स वर्ष 2002 में जहां मध्यप्रदेश में केवल एक रामसर साइट थी, वहीं आज यह



संख्या बढ़कर पांच हो चुकी है। साथ ही इंदौर को देश का पहला वेटलैण्ड सिटी घोषित किया जाना राज्य के लिए गौरव की बात है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण ने 2.25 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले 13,565 वेटलैण्ड्स का भौतिक सत्यापन और सीमांकन समय-सीमा में पूर्ण किया है। इंदौर नगर निगम एवं एप्को ने मिलकर शहर के 330 पारंपरिक कुएं और बावड़ियों का संरक्षण कार्य किया है। यह पहल शहर की जल-परंपरा को पुनर्जीवित करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

### प्रकृति के संरक्षण के लिये साझा जिम्मेदारी

प्रकृति में पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए समाज की सहभागिता आवश्यक है। नदियाँ, पेड़, पहाड़ और मानव ङ्क सब एक-दूसरे पर आश्रित हैं। जल गंगा अभियान इसी पारस्परिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है, जिससे जल, जीवन और प्रकृति की यह अमूल्य विरासत आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रहे।

## संपादकीय

# सहमति, असहमति के बीच जातीय जनगणना

अंततः सरकार ने जनगणना की घोषणा कर ही दी। इस बार सामान्य जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी की जाएगी। उम्मीद करते हैं कि जातीय जनगणना के आंकड़े पूरी ईमानदारी के साथ सार्वजनिक किए जाएँगे। 2011 में जो जनगणना कराई गई थी, उसमें जातीय डाटा अलग से इकट्ठा किया गया था, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने उस डेटा को सार्वजनिक नहीं किया था। सरकार की दलीलें क्या थीं, अब यह पुराना मुद्दा हो गया है। जातीय जनगणना के साथ सामाजिक न्याय और समरसता के राष्ट्रीय मुद्दे भी नत्थी हैं। क्या जातीय संख्या के आधार पर समुदायों के हित संबोधित किए जाएंगे? क्या आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी को खंडित कर उसे बढ़ाया जाएगा? क्या मौजूदा मोदी सरकार इस मुद्दे पर सर्वोच्च अदालत के सामने जाएगी? महत्वपूर्ण यह है कि शीर्ष अदालत का नजरिया क्या रहता है? यह जनगणना, 2027 होगी। 2011 के बाद यह जनगणना कराई जा रही है। आजादी के बाद और संविधान लागू होने के बाद प्रत्येक 10 वर्ष के बाद जनगणना कराई जाती रही है। बेशक जनगणना की खबर अच्छी है, लेकिन कई बड़े सवालिया निशानों के साथ यह खबर हम तक पहुंची है। सबसे अहम सवाल तो यह है कि जनगणना का अंतिम आंकड़ा और डेटा क्या 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक किया जाएगा? जनगणना के डाटा से परिसीमन का महत्वपूर्ण अभियान भी जुड़ा है। परिसीमन के बाद ही लोकसभा सीटों में बढ़ोतरी कर उन्हें 800 से अधिक किया जा सकेगा। परिसीमन के बाद ही महिला आरक्षण कानून लागू किया जा सकेगा। हालांकि संसद से यह विधेयक पारित किया जा चुका है। यदि जनगणना का डेटा 2029 के आरंभ में ही सामने आता है, तो लोकसभा के इसी कार्यकाल में ही परिसीमन आयोग गठित किया जा सकता है। यदि पहले की जनगणनाओं की तरह डाटा में देरी हुई और उसे छापने में कमोबेश 2 साल लगे, तो परिसीमन की कवायद 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले पूरी नहीं होगी, लिहाजा जनगणना, 2027 दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए न केवल आंकड़ों का संकलन होगी, बल्कि राजनीतिक आयाम के मद्देनजर भी महत्वपूर्ण होगी। मसलन-परिसीमन आयोग 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अपना काम शुरू कर सकता है, लेकिन सरकार मौजूदा 543 सीटों के लिए ही लोकसभा चुनाव कराए और बढ़ी हुई सीटें अगले लोकसभा चुनाव, 2034 तक जोड़ी जाएं, तो उसके राजनीतिक फलितार्थ बेहद विवादास्पद भी हो सकते हैं। दक्षिण भारत में विपक्ष की अधिकतर सरकारें हैं। दक्षिण ने जनसंख्या-वृद्धि को बड़ी सफलता से नियंत्रित किया है। परिसीमन से उन्हें घाटा हो सकता है। भाजपा का राजनीतिक वर्चस्व उत्तर और पश्चिम के राज्यों में है। वहां परिसीमन के बाद लोकसभा सीटें अनुपात में खूब बढ़ती हैं, तो ऐसे राजनीतिक असंतुलन पर देश में बहस छिड़ सकती है। यदि स्पष्टता नहीं हुई, तो राजनीतिक कड़वाहट भी पैदा होगी और देश में विभाजन के हालात उभर सकते हैं। आर्थिक तौर पर मजबूत हो रहा भारत ऐसे हालात नहीं चाहेगा। उत्तर बनाम दक्षिण नहीं होने देगा, लिहाजा जनगणना और परिसीमन दोनों ही बेहद नाजुक मुद्दे हैं। हम अनभिज्ञ हैं कि देश में शहरी और ग्रामीण आबादी के बीच कितने गहरे फासले हैं? कई और भी सवाल हैं। बहरहाल, जनगणना ही तमाम उलझे सवालों के जवाब दे सकती है।

# यम और नियम योग दर्शन के महत्वपूर्ण अंग हैं, जो हमें आंतरिक और बाहरी शांति प्राप्त करने में मदद करते हैं



- योग गुरु महेश अग्रवाल



दिनाँक 12 जून को सरदार वल्लभ भाई पॉलिटेक्निक कॉलेज भोपाल के डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओं को योग, प्राकृतिक चिकित्सा तनाव प्रबंधन विषय पर व्यख्यान एवं प्रशिक्षण योग गुरु महेश अग्रवाल द्वारा दिया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य अरविन्द जैन, सिविल एचओडी संजीव सक्सेना, विज्ञान एवं मानवता प्रभारी - राजेश त्रिपाठी, शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग के के एक्का एवं अधिक संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया की योग विद्या भारत वर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन - पद्धति है तथा इसी विद्या के बल पर भारत वासी प्राचीन काल में सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते थे। हमारे ऋषि, आचार्यों ने विभिन्न प्रकार के आसनों के नाम वर्षों पहले इस प्रकार से रखे ताकि हमारा जुड़ाव प्रकृति से बना रहे एवं पर्यावरण को बिना नुकसान करें, प्रकृति के गुणों को भी आत्मसात् कर सकें। शुभ चिंतन, अच्छी नींद, उपवास, योग अभ्यास से व्यक्ति आजीवन स्वस्थ रहता है।

योग गुरु अग्रवाल ने इस अवसर पर बताया कि मनोनियंत्रण का परिणाम क्या होगा, इसका उत्तर देते हुए वे कहते हैं - तदाद्रष्टुः स्वरूपेवस्थानम् - मनोनियंत्रण का परिणाम यह होगा कि तुम स्वयं को अपने स्वरूप में अवस्थित कर पाओगे। मन को कैसे नियंत्रित करें क्योंकि मन तो आदतों का गुलाम होता है। इस मन में जो आदत नहीं है, मन उसे व्यक्त नहीं कर सकता। अपनी आदत के कारण आपका बोलना का एक विशेष अन्दाज है। आपके रहन-सहन का अपना अलग तरीका है, वह भी एक आदत है।

मन अपने स्वभाव और आदतों के वशीभूत होता है। जब ये आदतें प्रबल हो जाती है, तो उसको कहते हैं वृत्ति। वृत्ताकार विचार आचारण और कर्म। इस प्रकार वृत्ति का अर्थ हुआ चक्कर। आपको बच्चों के स्वास्थ्य, पढ़ाई, शादी आदि के सम्बन्ध में जो चिन्ता होती है। वह है वृत्ति, क्योंकि वही विचार बार-बार घूमता रहता है। यह एक मनोवृत्ति है। अब चिन्ता क्यों करना भाई? चिन्ता के बदले आप चिन्तन कर सकते हैं। अपनी चिन्ता को चिन्तन में बदल दीजिए। चिन्तन को चिन्ता में मत बदलिए, क्योंकि वह आपको कष्ट देगा, दुःख देगा। लेकिन चिन्ता को चिन्तन में बदल दें, क्योंकि उसका एक सकारात्मक परिणाम आपको दिखाई देगा।

यह योग का पहला प्रयास होता है, जिसको सिद्ध करने के लिए महर्षि पतंजलि ने कहा कि सबसे पहले यम-नियम का अभ्यास करना चाहिए, क्योंकि इनका सीधा सम्बन्ध मन से होता है। यम क्या है? यम का मतलब होता है धारण करना। किस चीज को हम धारण करना चाहते हैं? अपने मन को व्यवस्थित करने केलिए योग-सूत्र में पाँच चीजें बतलायी गयी हैं सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य। ये पाँच यम हैं, जिनको धारण करना है अपने मन को संतुलन में लाने के लिए। कैसे?

दूसरा यम है अहिंसा। यह भी मन की एक अवस्था है। लोग कह तो देते हैं मनसा वाचा, कर्मणा। लेकिन क्या कभी किसी ने आजमाया है। जिन लोगों ने इसका प्रयोग किया, वे तो महान हो गए। हम लोग उस महानता के प्रति नतमस्तक होते हुए भी उसको अपना नहीं पाते हैं। क्यों? यह कैसी दुर्बलता है कि जिसके सामने हम नतमस्तक हो जाते हैं, जिसे महान् कहते हैं, उसी को हम अपना नहीं सकते। इसलिए नहीं अपना पाते कि हमारा आचरण सत्य नहीं है। एक बार जब आचरण सत्य होता है, तब अहिंसा अपने आप सिद्ध होती है। अहिंसा का मतलब होता है, नकारात्मक तत्वों को अपने जीवन से हटा देना। यदि हम अपना हित चाहते हैं, दूसरों के हित की परवाह नहीं करते; अपना सुख चाहते है, भले ही दूसरे को दुःख मिले, वह तो हिंसा है। इसीलिए जितनी भी नकारात्मक प्रवृत्तियाँ होती हैं, उन सभी को धीरे-धीरे कम करने का प्रयास अहिंसा है।

अस्तेय तीसरे नम्बर पर आता है। यह भी मन की एक अवस्था है। अस्तेय का मतलब होता है आकांक्षा नहीं करना। हम लोगों की जो वासना है, वह अस्तेय के विपरीत है। अगर अस्तेय को अपनाना है तो फिर अपनी कामनाओं को कम करना ही होगा। अस्तेय और कामना, दोनों एक साथ नहीं रह सकते हैं। आध्यात्मिक जीवन के लिए यही मील के पत्थर भी माने गये हैं एक बार किसी ने महात्मा बुद्ध से पूछा, %कोई कैसे जाने कि मैं आध्यात्मिक जीवन में उन्नति कर रहा हूँ? इसके लक्षण क्या है?% तो उन्होंने उत्तर दिया, %जब तुम्हारी इच्छाएँ, महत्त्वाकांक्षाएँ और आवश्यकताएँ कम होने लगें तो समझ लेना कि तुम सही रास्ते पर हो।

चौथा है अपरिग्रह। यह भी मन की एक अवस्था है। तामसिक गुणों को सकारात्मक बनाने की प्रक्रिया है। अपरिग्रह का अर्थ होता है संग्रह कम करना। आखिर आपको अपने लिये कितनी चीजों की आवश्यकता है? क्या बीस जूतों की आवश्यकता है? जीवन की आवश्यकताओं के अनुरूप जीना, संग्रह वृत्ति को धीरे-धीरे कम करना ही अपरिग्रह कहलाता है।

पाँचवाँ है ब्रह्मचर्य। ब्रह्मचर्य का वास्तविक अर्थ होता है उच्च चेतना में निवास करना। ब्रह्म का मतलब होता है विकासशील चेतना। ब्रह्म का मतलब परमात्मा नहीं, वह एक धार्मिक व्याख्या है। लेकिन संस्कृत के अनुसार ब्रह्म शब्द बृहन् धातु से बना है, जिसका मतलब होता है विस्तार होना। और उसमें दूसरा शब्द जुड़ा है आचरण। चेतना के विकास के सिद्धान्तों के अनुसार जीना और अपनी दिशा को ओझल नहीं होने देना ब्रह्मचर्य है व्यक्तिगत चेतना को उच्च चेतना में लय करने का प्रयास ब्रह्मचर्य है। बहुत से लोग संभोग के अभाव को ब्रह्मचर्य कहते हैं। हो सकता है, वह उसकी एक परिभाषा हो, हम उसका विरोध नहीं कर रहे हैं।

दूसरा नियम है सन्तोष। सन्तोष का सम्बन्ध है अहिंसा के साथ. क्योंकि जब तक मनुष्य जीवन में संतुष्ट नहीं रहता, वह हमेशा मन में हिंसा करता है दूसरों के प्रति। अपने प्रति सन्तोष का मतलब होता है अपेक्षाओं में कमी। जब अपेक्षाओं में कमी आती है तब मनुष्य तृप्त रहता है। मैं जिस हाल में हूँ संतुष्ट हूँ, यह एक मानसिक भाव भी बन जाता हैं हम तो देखते हैं अपने देश के गरीबों को, जिनके नसीब में कभी-कभी अन्न-जल भी नहीं होता है, तब भी वे कहते हैं, ठीक है. मालिक की ऐसी इच्छा थी आज।

तीसरा नियम है तप। तप का मतलब अपने आपको तपाना। सोने की अशुद्धि दूर करने के लिए हम सोने को अग्नि में गलाते हैं ओर जब सोना तप जाता है, तब उसकी अशुद्धियाँ स्वतः ऊपर आ जाती हैं, जिनको आप आसानी से हटा सकते हैं, उसी प्रकार तपस्या का मतलब होता है बन्धनकारक अवस्थाओं को बदलने का सजग प्रयास। बहुत से लोगों के लिए सबेरे चार बजे उठना ही तपस्या हो जाती है। तपस्या केवल जंगलों में नहीं होती। तपस्या उसको कहते हैं जब आप एक आदत को बदलने का प्रयास करते हैं। अपने आप को तपाते हैं आप में जो सीमित करने वाला स्वभाव है, उसको बदलते हैं।

चौथा नियम है स्वाध्याय। स्वाध्याय का मतलब किताब पढ़ना नहीं होता है, बल्कि स्व का अध्ययन करना होता है। आपने स्वभाव को जानना, कौन-सी चीज आपको कार्य करने के लिए प्रेरित करती है कौन-सी चीज आपको विशेष प्रकार से व्यवहार और प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए बाध्य करती है। स्वाध्याय को हमने चार भागों में विभाजित किया है। अपने सामर्थ्य को पहचानना।

पाँचवाँ नियम ईश्वर प्रणिधान। इसका सम्बन्ध है पाँचवे यम, ब्रह्मचर्य के साथ। ईश्वर प्रणिधान का मतलब होता है ईश्वर में आस्था। ईश्वर एक ऐसा तत्त्व है, जो मनुष्य के जीवन की अग्नि को शीतलता प्रदान करता है। ईश्वर को खोजें तो कहाँ खोजें? एक उदाहरण हम आपको देते हैं, जो गीता में आता है। भगवान कहते हैं, %जल की तरलता मैं हूँ, पत्तों में हरापन मैं हूँ, वायु में शीतलता मैं हूँ। अगर प्यासे को एक बून्द पानी मिल जाता है, तो उसको कितना आनन्द आता है। वही ईश्वर है। जो आनन्द स्वस्फूर्त और स्वाभाविक होता है, जो सन्तोष प्रदान करता है और आपको अन्दर से पूरा भर देता है, वही ईश्वर है। उसका क्या रूप है, उसकी बात मैं नहीं कर रहा हूँ। उस समय ईश्वर का स्वरूप न विष्णु का होता है, न शिव का, न ब्रह्मा का, न देवी का, बल्कि तृप्ति का होता है। इसे ही कहते हैं ईश्वर प्रणिधान, अर्थात् जीवन के प्रत्येक क्षण में निहित आनन्द और खुशी की सजगता और यह सजगता ही आपको उच्चतम आदर्श ब्रह्मचर्य का ज्ञान कराती है।

### 13 जून 1922 क्राँतिकारी नानक भील का बलिदान, सीने पर गोली खाई

# किसानों के शोषण के विरुद्ध आंदोलन चलाया

**रमेश शर्मा**

स्वतंत्रता के बाद भी अँग्रेजों के बाँटो और राज करो षड्यंत्र के अंतर्गत सोचने वाले वालों के लिये बलिदानी नानक भील एक बड़ा उदाहरण है। बलिदानी नानक भील वनवासी थे लेकिन उन्होंने एक सशक्त किसान आँदोलन चलाया।



प्रथम विश्व युद्ध के दौरान खाली हुआ अपना खजाना भरने केलिये अंग्रेजों ने भारत में बलपूर्वक बसूली शुरु करदी। इससे सर्वाधिक प्रभावित किसान हुये। अंग्रेजों द्वारा नियुक्त सैनिकों ने गांव गांव जाकर बसूली केलिये किसानों को प्रताड़ित करना आरंभ कर दिया। देश भर में इसका विरोध शुरु हुआ। राजस्थान के बूँदी जिले में आरंभ हुये किसान के विरोध आँदोलन में क्राँतिकारी नानक भील की भूमिका महत्वपूर्ण थी। क्राँतिकारी नानक भील का जन्म राजस्थान के बूँदी जिला अंतर्गत बराड़ क्षेत्र के गाँव धनेश्वर में हुआ था। उनके जन्म की तिथि और जीवन का विवरण कहीं नहीं मिलता। अंग्रेजों के पुलिस रिकार्ड में नाम, आयु, पिता का नाम और गाँव का नाम मिलता है। स्थानीय लेखकों ने लोक जीवन की चर्चाओं के आधार पर जीवनी तैयार की है। इनका जन्म की तिथि का विवरण भी नहीं है। अंग्रेजों के पुलिस रिकार्ड में दर्ज आयु के अनुसार जन्म वर्ष 1890 माना गया है। इनके पिता पिता का नाम भेरू भील था वे जंगल से वनोपज लाकर धनेश्वर गांव में बेचते थे। समय के साथ पिता ने गांव भी एक कच्चा घर बना लिया था। नानक भील का जन्म इसी गाँव में हुआ था। वे बचपन से बहुत निडर और साहसी थे। उनके मित्रों वनवासी युवाओं की एक अच्छी टोली थी। साथ ही गांव में रहने वाले युवाओं का भी अच्छा समूह बन गया था। समय के साथ उन्होंने भी वन से वनोपज लाकर अन्य गाँवों में बेचना आरंभ कर दिया इससे उनका संपर्क आसपास के गाँवों में भी बन गया। उन्ही दिनों क्षेत्र के समाजसेवी गोविंद गुरु और मोतीलाल तेजावत ने अंग्रेजों के बलपूर्वक बसूली अभियान के विरुद्ध आँदोलन आरंभ किया। इसके लिये उन्होंने नानक भील को जोड़ा। नानक भील इस आंदोलन से जुड़ गये और अपनी युवा टोली के साथ पूरे क्षेत्र में झंडा गीतों के माध्यम से अंग्रेजों का विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाने लगे। वे गीत भी अच्छा गाते थे और हाट बाजार में लोगों को एकत्र करके अंग्रेजों के षड्यंत्र से अवगत कराते। वे हाट बाजार के साथ गाँवों में किसानों की सभाएँ भी करते थे। ऐसी ही एक सभा 13 जून 1923 को डाबी में आयोजित की गई थी वहीं पर अचानक से अंग्रेज पुलिस पहुँची और घेर लिया। तब नानक भील सभा को संबोधित कर रहे थे। पुलिस को देखकर सभा में भगदड़ मच गई लेकिन नानक भील बिल्कुल विचलित न हुये। और झंडा लहराते हुए झंडा गीत गाने लगे। इससे क्रोधित अंग्रेज कमांडर क्रोधित हुआ उसने नानक भील को गोली मारने का आदेश दे दिया। एक सिपाही ने नानक भील के सीने पर गोली मारदी। नानक भील भूमि पर गिरे और बलिदान हो गये। लेकिन उनका बलिदान व्यर्थ न गया। पूरे वनक्षेत्र में उनके बलिदान की प्रतिक्रिया हुई और आँदोलन ने जोर पकड़ लिया। अंत में अंग्रेजों की शासन ने बसूली की कुछ व्यवस्था में परिवर्तन किया तथा उन किसानों सख्ती कम करदी जिनकी फसल खराब हो गई थी। इससे किसानों और जन सामान्य को कुछ राहत मिली।

नानक भील ने जितने क्षेत्र में सभाएँ करके जन जागरण किया उस क्षेत्र में अब बराड़ क्षेत्र के तेरह ग्राम पंचायत क्षेत्र आते हैं। क्राँतिकारी नानक भील ने इस पूरे क्षेत्र में वनवासियों और किसानों को जाग्रत किया था। स्वतंत्रता के बाद धनेश्वर और बराड़ में अमर शहीद नानक भील की स्मृति में प्रतिमा स्थापित की गई और बराड़ में बार्षिक मेले का आयोजन भी आरंभ हो गया है।

### लोकसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री होंगे उपस्थित

# महावीर के सिद्धांतों पर 'संवाद से समाधान' पर परिचर्चा का भव्य आयोजन



**ललित गर्ग**

आज के हिंसा एवं युद्ध के माहौल में भगवान महावीर के अहिंसा संदेश को देश और दुनिया में पहुंचाने के लिए प्रख्यात धर्मगुरु देवेन्द्र ब्रह्मचारी के नेतृत्व में महावीरायतन फाउंडेशन के तत्वावधान में 'संवाद से समाधान' एक परिचर्चा का भव्य आयोजन 23 जून 2025 को दोपहर 2 बजे, यशवंतराव चव्हाण सभागृह, नरीमन पॉइंट, मुंबई में संपन्न होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला मुख्य अतिथि तथा महाराष्ट्रके मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड़णवीस विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। इस समारोह में देश भर से श्रद्धालुजनों के अलावा विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, साहित्यकार, समाजसेवी, उद्योगपति, कलाकार, विचारक, अहिंसाकर्मी, पत्रकार आदि भाग लेंगे। जैन श्रद्धालु तीर्थंकर भगवान महावीर की शिक्षाओं से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्यरत होंगे।

देवेन्द्र ब्रह्मचारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में भगवान महावीर के कालजयी सिद्धांत 'जीयो और जीने दो' तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के आलोक में समकालीन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय युद्ध, आतंकवाद एवं हिंसा की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सामाजिक और मानवीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में समाधान पर आधारित एक विशेष डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन, विचारगोष्ठियां तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री रामदास अठावले, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष श्री राहुल नार्वेकर, मंत्री श्री मंगलप्रभात लोढ़ा एवं राज्यसभा सांसद श्री मिलिंद देवड़ा सहित कई गणमान्य हस्तियां अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायेंगी।



देवेन्द्र ब्रह्मचारी ने आगे बताया कि 'संवाद से समाधान' एक ऐसा राष्ट्रीय मंच है जहां धर्म, समाज, शासन, शिक्षा और उद्योग जगत के विभिन्न आयामों से जुड़े विचारक व संत, संवाद के माध्यम से समाधान की खोज करते हैं। इसका उद्देश्य है संवाद के जरिये करुणा, अहिंसा, समरसता और नैतिकता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी एवं अंतरराष्ट्रीय अभियान की शुरुआत है, जो भारत के विभिन्न राज्यों और विश्व के अनेक देशों में करुणा और शांति का संदेश लेकर पहुंचेगा।

विदित हो कि महावीरायतन फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी अपनी विविध मानव कल्याणकारी एवं अहिंसा-शांति की गतिविधियों के लिए प्रयासरत हैं। वे एक जैन साधक, समाज सुधारक और आध्यात्मिक विचारक हैं। उन्होंने हिंसा एवं आतंकवाद के नियंत्रण के लिए महावीर के अहिंसा दर्शन को कारगर मानते हुए इस बहुआयामी आयोजन की परिकल्पना की है। उन्होंने अपने जीवन को धार्मिक और सामाजिक सेवा के लिए पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया है।

स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी ने सभी प्रतिष्ठित संतों, धर्मगुरुओं, समाजसेवियों, उद्यमियों और बुद्धिजीवियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने का विनम्र आग्रह किया है।

# भारत की सुरक्षा एवं मोदी सरकार



**शिवप्रकाश**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। गरीब कल्याण, ढांचागत विकास,अन्तर्वाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह है। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक है।

चाणक्यनीति में कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है7 राष्ट्रकवि श्री रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो÷ इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं।

भारतीय जनसंघ ने अपने 1964के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिएँ। सिद्धांत एवं नीतियां नामक दस्तावेज में भी परमाणु अस्त्रों का निर्माण करने की बात की थी 7 प्रस्ताव प्रतिपादन करते समय कहा गया था कि हमारे आराध्य सभी देवी-देवता धर्म संस्थापना के लिये शस्त्रधारी है। इसलिए भारत माता भीपरमाणु बम धारी होनी चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था। 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीतिइसी का उदाहरण है। जहाँ कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए जी जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं बिरयानी खिलाना जैसे उपक्रम चल रहे थे वहीं मोदी सरकार में सेना और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाये गए।



रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है 7 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोलाबारूद उपलब्ध था 7 व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म, नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिएलंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रोंकी खरीद के लंबे समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुकेहैं 7 फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है 7एस -400, सुखोई -30, इजराईल से ड्रोन, हैमर मिसाईल, चिनूक हेलिकॉप्टर, स्ट॥ प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), ( पूर्ण स्वदेशी विमान ), पिनाका राकेट सिस्टम, वरुणास्त्र आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिन्दूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाईल को मार गिराने में हम सक्षम हुए है।

11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल,टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174त्न की वृद्धि हुई है 7 रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46529 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 127265करोड़ हुआ है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह - 17 नवंबर 2021, झांसी में अपने संबोधन में कहाँ कि - भारत अपनी रणनीतिक व सुरक्षा आवश्यकताएँ अन्य देशों पर निर्भर होकर पूरा नहीं कर सकता ... सरकार निरंतर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में प्रयासरत है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं7 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था 7 2014 से 24 में 88,319 करोड़ का हुआ है। 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है 7 आयात में 21त्न की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34 प्रतिशत की वृद्धि करने में देर सक्षम हुआ ह। आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं।

प्रत्येक प्रकार की गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया।इसमें अशोक स्तंभ, लंगर और नौसेना का आदर्श वाक्य शं नो वरुणःअंकित है, जो भारत की समुद्री विरासत और आत्मगौरव का प्रतीक है।नए भारत का संकल्प- घर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे केवल कहना मात्र नहीं, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक एवं ऑपरेशन सिंदूर में हमने यह करके दिखाया है 7 खून एवं पानी एक साथ नहीं बहेगा सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है। पूर्व सैनिको के कल्याण, अग्नि वीर योजना, विजयदशमी पर राफेल जैसे शस्त्रों का पूजन एवं दीपावली त्योहार में सैनिको के मध्य प्रधानमंत्री की उपस्थिति, सीमावर्ती सैनिक चौकियों पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जी का प्रवास यह सभी उपक्रम हमारे सुरक्षित भारत के संकल्प को प्रकट करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति, पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने, आतंकवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण को विश्व के सम्मुख रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल देश की एकजुटता को प्रकट करने का कूटनीतिक सराहनीय प्रयास है।भारत को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के यह प्रयास देश की जनता में यह विश्वास जगाने में सफल हुए हैं कि मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है।

**लेखक- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# गायत्री देवी की स्मृति में नेत्र शिविर संपन्न, आंखों की जांच की



**छतरपुर।** महालक्ष्मी मंदिर छतरपुर में साकेतवासी गायत्री देवी की पुण्य स्मृति में समाजसेवी जयनारायण अग्रवाल जय भैया द्वारा सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से एक बजे तक चले इस शिविर में 123 मरीजों की जांच की गयी जिसमें 15 मरीज मोतियाबिंद के पाये गये जिन्हें आपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा गया। इस नेत्र शिविर में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय डॉ.अरविन्द मिश्रा, मनीष यादव, विजय पांडे, ओमकार यादव एवं मनीष कुमार की टीम आयी थी जिन्होंने आधुनिक मशीनों से मरीजों की जांच की। इस शिविर की व्यवस्था अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर अग्रवाल दाऊ, संपादक हरि अग्रवाल, अनिल अग्रवाल बंटी, सौरभ अग्रवाल सनी, रोहित आदि के द्वारा किया गया।

# ताला तोड़कर चोरी करने वाले दोषी को एक वर्ष का सश्रम कारावास

**छतरपुर।** घर का ताला तोड़कर कीमती सामान व आभूषण चोरी करने के मामले में न्यायिक मजिस्टेªट प्रथम श्रेणी न्यायालय ( रानो बघेल ) जिला छतरपुर के न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजेश कुमार दुबे ने थाना सिविल लाईन जिला छतरपुर में उपस्थित होकर रिपोर्ट लेख करायी कि दिनांक 09.07.2017 को अपने किराये के मकान में ताला लगाकर अपने घर बमीठा गया था और जब वह दिनांक 12.07.17 को वापस घर लौटा तो देखा उसके घर का ताला टूटा हुआ था और घर का दरवाजा खुला हुआ था।

# नवागत सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहन्ती ने जिले का पदभार संभाला

**मंडला।** 10 जून को नवागत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी.जे. मोहन्ती ने पदभार संभाला। डॉ. मोहन्ती ने सभी विभागीय चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर कार्य करने एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समस्त आमजन को सुलभता से प्राप्त हो सके यह भी विभाग के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का लक्ष्य होना चाहिए। समस्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ आने वाले मरीजों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करें एवं उनको चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान करें।



समस्त विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारी सीएम हेल्पलाईन पर विशेष ध्यान देते हुए शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराना सुनिश्चित करें। पदभार ग्रहण करने के साथ ही डॉ. मोहन्ती द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया।उन्होंने जिला चिकित्सालय के ओपीडी एरिया की व्यवस्था, सिकिलसेल एनीमिया की जांच, राष्ट्रीय कार्यक्रमों/अभियानों की समय पर रिपोर्टिंग तथा एमएलसी रिपोर्ट आनॅलाइन करने के संबंध में संबंधितों को निर्देशित किया।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**सांध्य प्रकाश बैतूल।** मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आम जनता को खादी वस्त्रों, कबीरा खादी गारमेंट्स और ग्रामोद्योग विन्ध्यावैली उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिये छत्रपति शिवाजी ऑडिटोरियम 11जून से 19 जून 2025 तक एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ 11 जून को केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक हेमंत खण्डेलवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, सुधाकर पंवार, नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने इस प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों के महत्व पर जोर दिया और इसे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक अहम कदम बताया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के खादी वस्त्र, कबीरा खादी गारमेंट्स और अन्य ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री की जाएगी। खादी तथा ग्रामोद्योग जिला पंचायत बैतूल के प्रभारी प्रबंधक श्री सतीश सक्सेना ने बताया कि प्रदर्शनी में खादी वस्त्रों की फुटकर बिक्री पर 20 प्रतिशत का विशेष डिस्काउंट दिया जा रहा है, साथ ही विन्ध्यावैली ब्रांड के उत्पादों पर भी 20 प्रतिशत की छूट प्राप्त होगी। उन्होंने ने आम जनता से अपील की है कि वे इस प्रदर्शनी का लाभ उठाएं और खादी वस्त्रों और अन्य ग्रामोद्योग उत्पादों की खरीदारी पर विशेष डिस्काउंट का फायदा उठाएं।

# बच्चों को शिक्षा का उपहार और युवाओं को रोजगार देने वाले आईएएस हैं सुधीर कुमार कोचर



**भोपाल।** एक प्रशासनिक अफसर कैसा होना चाहिए? निश्चित तौर पर वह सहज–सरल होना चाहिए। संवेदनशील हो, ईमानदार हो और प्रशासनिक काम में दक्ष। यही खूबियां हैं आईएएस सुधीर कुमार कोचर में। वे नौकरी नहीं, बल्कि अच्छे ढंग से अपने दायित्व निभा रहे हैं। वे बच्चों को शिक्षा का उपहार दे रहे हैं और युवाओं को रोजगार से जोड़ रहे हैं।

13 नवंबर 1975 को मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में जन्मे सुधीर कुमार कोचर का बचपन किसी भी आम मध्यमवर्गीय भारतीय की तरह सादा था। न तामझाम, न किसी विशेष पृष्ठभूमि का लाभ, बस शिक्षा के प्रति निष्ठा, आत्मसंयम और मजबूत लक्ष्य का स्पष्ट दृष्टिकोण। पढ़ाई में विशेष रुचि रखने वाले कोचर ने बीकॉम, मास्टर ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और काउंसलिंग साइकोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट किया। यह शैक्षणिक पृष्ठभूमि सिर्फ डिग्रियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि उनके भीतर की संवेदना और दृष्टिकोण को भी गढ़ती गई।

प्रशासनिक सेवा की राह आसान नहीं थी, लेकिन कोचर का जज्बा डगमगाया नहीं। मेहनत के दम पर साल 2014 में उनका मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ। फिर वर्षों की कड़ी मेहनत, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के बाद 2022 में उन्हें आईएएस अवॉर्ड हुआ। यह कोई आम पदोन्नति नहीं थी, बल्कि श्रम, संकल्प और सेवा-भाव का सम्मान था।

आईएएस कोचर उन बिरले अधिकारियों में से हैं, जिनका रिश्ता जनता से महज आदेशों या बैठकों तक सीमित नहीं है। वे जानते हैं कि संवाद, विश्वास और संवेदना ही किसी प्रशासन की नींव होते हैं। इसलिए वह अक्सर सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते हैं, ट्वीट्स, रील्स और सूचनात्मक वीडियोज के जरिए आमजन को नियम, योजनाओं और कानून की जानकारी सरल भाषा में देते हैं।

एक निरीक्षण के दौरान जब वे शासकीय स्कूल पहुंचे, तो औपचारिकता निभाने की बजाय सीधे ब्लैकबोर्ड पर चॉक लेकर बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। उन्होंने शिक्षा के साथ जीवन के मूल मंत्र भी दिए। यह नजारा न सिर्फ प्रेरणादायक था, बल्कि यह दिखाता था कि अफसर का असली कद उसकी विनम्रता और सेवा में छिपा होता है।

कोचर का दिल अक्सर भावुक हो उठता है, जब वे व्यवस्था की खामियों को देखते हैं। एक स्वास्थ्य केंद्र के दौरे के दौरान जब उन्हें पता चला कि गर्भवती महिलाओं के बैठने के लिए बेंच तक नहीं हैं, तो वे नाराज हो गए। अधिकारियों को डांट लगाई और व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। इसी तरह, जब एक गंदे तालाब को देखा, तो वह हाथ पर हाथ रखकर बैठने वाले अफसरों की तरह नहीं, बल्कि खुद ग्रामीणों के साथ तालाब की सफाई करने में जुट गए। कोचर न सिर्फ कार्यशैली में अनुशासन प्रिय हैं, बल्कि उसे कार्यस्थल की संस्कृति भी मानते हैं। उन्होंने अपने सहकर्मियों को ड्रेसकोड अपनाने के निर्देश दिए।

### बच्चों को दे रहे शिक्षा का उपहार

आईएएस कोचर ने दमोह में अभिनव पहल की शुरुआत की और इसे नाम दिया है शिक्षा का उपहार। यह अभियान कहता है कि कोई भी व्यक्ति यदि कलेक्टर से मिलने आए तो मिठाई या गुलदस्ता नहीं, बल्कि बच्चों की पढ़ाई में काम आने वाली सामग्री जैसे किताबें, कॉपियां, बैग, पेन लेकर आए। यह पहल इतनी सरल, लेकिन इतनी गहरी है कि पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गई। वहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उन्होंने युवा संगम अभियान शुरू किया है। इसमें वे युवाओं को एकजुट कर निजी कंपनियों के जरिए मेले आयोजित करवाकर रोजगार दिला रहे हैं। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अब हर हफ्ते युवा संगम आयोजित करने का फैसला लिया गया है।

### स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा कोचर की प्राथमिकताएं

हर क्षेत्र में कोचर का नजरिया स्पष्ट है, काम की गुणवत्ता और मानवता से कोई समझौता नहीं। चाहे अस्पताल हो, सड़क हो, स्कूल हो या तालाब, वह हर पहलू को स्वयं जाकर देखना पसंद करते हैं। यही वजह है कि स्वच्छ भारत अभियान, शिक्षा सुधार या स्वास्थ्य सेवाओं की बात हो, कोचर का नाम उसमें अवश्य गूंजता है।

# बांध,तालाबों में जल भराव की स्थिति पर सतत नजर रखने कलेक्टर ने दिये निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किये है कि वो वर्षाकाल के दौरान बांधो, तालाबो से पानी छोडे जाने की स्थिति मे स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन तथा कन्ट्रोल रूप को तत्काल सूचित करेगे कभी-कभी तालाबो, बांधो के रिसाव होने से उनके जोखिम पूर्ण होने से जन मानस मे भय व्याप्त हो होता है। कलेक्टर बालागुरू के ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बांधो, तालाबों का निरीक्षण करेगे और निरीक्षण टीप संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत एवं संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले को अनिवार्य रूप से अवगत करावेगे। कार्य मे उपेक्षा एवं लापरवाही को गंभीरता से लिया जायेगा तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का ओदश किया जारी

## पूर्व सांसद डॉ. बिसेन के पत्र पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

**सिवनी।** पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा गत 22 मई 2025 को मुख्यमंत्री म.प्र. शासन को प्रदेश में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किये जाने संबंधी भेजे गये पत्र पर मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा संज्ञान लेते हुए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल को आदेश जारी करने के निर्देश के परिपालन में प्रमुख अभियंता प्रदीप एस.मिश्रा नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. द्वारा प्रदेश की समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद, नगर परिषद, समस्त आयुक्त नगरपालिक निगम एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी छावनी परिषद को 9 जून को समस्त भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि गत 22 मई को पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा मुख्यमंत्री म.प्र. शासन को इस आशय का पत्र लिखा गया था कि प्रदेश में ही नहीं देश में भी पेयजल एवं अन्य उपयोग में आने वाले जल की समस्या धीरे धीरे गम्भीर रूप ले रही है। इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण हो सकता है यदि भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग करना अनिवार्य कर दिया जाये। डॉ. बिसेन ने यह भी ध्यान आकृष्ट किया था कि सभी नगरीय निकायों में भवन निर्माण की अनुमति के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नाम पर दस हजार रूपये जमा कराये तो जाते हैं किंतु भवन का निर्माण करने वाले ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की है कि नहीं यह नहीं देखा जाता। डॉ. बिसेन ने पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि मकान मालिक निर्माणाधीन मकान में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नहीं करता है तब प्रावधान है कि संबंधित नगरीय निकाय जमा किये गये दस हजार रूपये से यह व्यवस्था बनाये। प्रायः देखने में आया है कि इस संबंध में नगरीय निकाय कोई ध्यान नहीं दे रहा है। डॉ. बिसेन द्वारा दिये गये पत्र पर मुख्यमंत्री म.प्र. शासन द्वारा संज्ञान लेते हुए संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल को रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया जिसके परिप्रेक्ष्य में प्रमुख अभियंता नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों को 9 जून 2025 को भवन अनुज्ञा के साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

# नपा ने यातायात व्यवस्था सुधारने अतिक्रमण मुहिम चलाकर सौंदर्य युक्त करने तार फैंसिंग के साथ पौधे लगें गमले रखाएं

**आष्टा।** बुधवार को नगर पालिका ने नगर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने, नगर को सुंदर बनाने के लिए एक तरफ जहां अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई वहीं दूसरी ओर हटाएं गए अतिक्रमण स्थान को सुरक्षित रखने के लिए तार फैंसिंग करवा कर उसमें पौधे लगें गमले रखवा कर हरा-भरा क्षेत्र बनाने की सराहनीय पहल की है। बुधवार की शाम को मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना अपनी अतिक्रमण हटाओ मुहिम टीम को लेकर जैसे ही नगर पालिका कार्यालय से रवाना हुए वैसे ही इंद्र देवता ने उनकी मुहिम का स्वागत करते हुए बारिश प्रारंभ की कुछ मिनटों पानी बरसता रहा और ठंडी हवा चलने लगी ।जैसे ही बारिश बंद हुई और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सक्सेना के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ मुहिम बाईपास चौपाटी से प्रारंभ हुई।



नगर पालिका द्वारा रेंज कार्यालय के सामने का अतिक्रमण हटवाकर पहले जहां तार फैंसिंग करा दी गई थी वहां पर नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना ने उक्त जगह को सुरक्षित करते हुए पौधे लगे हुए काफी संख्या में गमले रखाएं। यह पहल जहां अतिक्रमण मुक्त की गई बहु कीमती भूमि को सुरक्षित रखने के साथ ही इस मार्ग से निकलने वाले लोगों एवं राहगीरों को आकर्षित करने के साथ ही पौधरोपण करने का संदेश व प्रेरित कर रही है।

### विरोध का सामना भी करना पड़ा, फिर भी अतिक्रमण हटाया

बुधवार को अतिक्रमण हटाओ मुहिम जब बाईपास चौपाटी के समीप से प्रारंभ हुई तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सक्सेना को अतिक्रमणकर्ताओं के विरोध का सामना भी करना पड़ा फिर भी उन्होंने सभी को समझाकर अपनी मुहिम को चालू रखा। टीम ने उसे दौरान अतिक्रमण हटाया और अर्थ दंड भी किया। पार्वती थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी सहित नगर पालिका और पुलिस की टीम अतिक्रमण हटाओ मुहिम में शामिल रही।

### मुहिम चालू रहेगी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि हमारी मुहिम सतत जारी रहेगी। हमारा उद्देश्य नगर में बिगडी यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ नगर को सुंदर बनाना है।

# कम्प्यूटर सेंटर के बाहर से फिल्मी अंदाज में छात्रा हुई अगवा

## बाइक सवार अपहरणकर्ताओं का वीडियो हुआ वायरल

**मंडला।** मंडला जिले में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है और अब दिन-दहाड़े अपहरण जैसी संगीन वारदातें भी सामने आने लगी हैं।बताया गया कि गुरूवार सुबह करीब 8 बजे ग्राम कटरा में एक छात्रा के अपहरण करके बाइक सवारों का भागने का मामला सामने आया है।जहाँ एक 19 वर्षीय छात्रा को एक कम्प्यूटर सेंटर के बाहर से अगवा कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार दो युवक स्किल कम्प्यूटर सेंटर के बाहर आए और छात्रा को जबरन बाइक पर बैठाकर फरार हो गए।

अपहरण के इस घटना के समय मौजूद छात्रा की सहेली ने बताया कि युवकों ने छात्रा को फोन करके बाहर बुलाया। कुछ देर बातचीत के बाद उन्होंने छात्रा को जबरदस्ती बाइक पर बैठाया और तेजी से भाग निकले। इस पूरी घटना का वीडियो पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने बना लिया,जिसमें दो व्यक्तियों के बीच एक लड़की बैठी दिख रही है।सहेली द्वारा तत्काल सेंटर संचालक को घटना की जानकारी दी गई। पीड़िता के परिजन तत्काल कोतवाली थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।उन्होंने पुलिस को घटना का वीडियो भी सौंपा।पुलिस को शुरुआती जानकारी मिली है कि लड़की को घंसौर के कहानी गांव के पास देखा गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ लोगों ने युवकों का पीछा करने की कोशिश की,लेकिन बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि वे घंसौर की तरफ रफूचक्कर हो गए।







घटना के बाद छात्रा के परिजन मंडला के पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई।कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है।मंडला में चोरी,लूट,हत्या जैसे अपराधों के बाद अब अपहरण की यह घटना कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा का कहना है कि मुख्यालय के कटरा स्थित स्किल कम्प्यूटर सेंटर संचालक के द्वारा शिकायत की गई है कि सेंटर में पढने वाली एक 19 वर्षीय युवती को दो युवक बाईक में जबदरस्ती बैठाकर ले गए है, इसकी जांच की जा रही है,कॉल डिटेल और सीसीटीवी फुटेज की जानकारी ली जा रही है। परिजनों ने भी कुछ संदेहियों की जानकारी दी है, उनके बारे में भी जानकारी ली जा रही है।सभी बिन्दुओं पर जांच की जा रही है,शीघ्र ही दस्तयाब किया जाएगा,जिसके बाद ही पूरे घटना का पता चल सकेगा।

# बैरसिया पुलिस ने नाबालिग बालिका को खोजकर सकुशल की परिजनों को सौंपा

**बैरसिया।** पुलिस अधीक्षक भोपाल, देहात प्रमोद कुमार सिन्हा के द्वारा महिला संबंधी अपराधो मे त्वरित कार्यवाही एवं निकाल करने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक भोपाल , देहात के निर्देशन के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भोपाल, देहात श्री डाँ नीरज चौरसिया, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) संभाग बैरसिया श्री सर्वप्रिय सिन्हा (द्व.श्र.ह्य) के नेतृत्व मे सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

**घटना का सक्षिप्त विवरण :** 9 जून को फरियादिया सुशीलाबाई प्रजापति पति स्व0 नवलसिंह प्रजापति निवासी वार्ड न0- 18 महुआखेडा बैरसिया ने रिपोर्ट लेख कराई कि उसकी नाबालिग नातिन को कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाफुसलाकर भगा ले गया जिस पर से थाना बैरसिया मे अपहरण का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

प्रकरण की विवेचना के दौरान बैरसिया पुलिस ने तकनीकि आधार पर आसपास क्षेत्र के दर्जन बर से अधिक सीसीटीव्ही कैमरे एवं तकनीकी आधार पर पाया कि विनोद सपेरा नाम का एक व्यक्ति अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया है जिसे वह लेकर गुजरात राज्य की ओर रवाना हुआ है । नाबालिग की पतारसी हेतु थाना प्रभारी बैरसिया वीरेन्द्र कुमार सेन द्वारा पुलिस टीम को गुजरात राज्य की ओर रवाना की गई पुलिस टीम द्वारा रास्ते मे टोल प्लाजा एवं होटल, लाज, धर्मशाला आदि मे अपहता व संदेही की तलाश की गई इसी बीच पता चला की संदेही अपहता को ट्रेन के माध्यम से गुजरात लेकर रवाना हुआ है पुलिस टीम द्वारा लगातार रेलवे रूट पर खोजबीन करते हुये अपहृत लडकी को सकुशल दस्तयाब किया तथा आरोपी विनोद सपेरा एवं उसके साथी वकील के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

क्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी संभाग बैरसिया श्री सर्वप्रिय सिन्हा ,थाना प्रभारी बैरसिया निरी वीरेन्द्र कुमार सेन , उनि दिलीप जायसवाल, उनि प्रियांशी कौरव, प्रआर हेमराज राठौर, आर नीरज एवं एनआरएस सदस्य इसराईल खान का विशेष योगदान रहा ।

# उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की रीडिंग बिजली का बिल बना जी का जंजाल, हजारों स्मार्ट मीटर गर्मी से हुए खराब :कांग्रेस

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष ( ओबीसी विभाग ) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी टीकाराम कोष्टा ने कहा कि भीषण गर्मी ने बढ़ती बिजली की मांग बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर की रीडिंग से बढते बिजली के बिलों से उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा अनाप-शनाप बिजली का बिल ने लोगों का सुख चैन छीन लिया है।



विजयनगर बिजली विभाग आफिस में नहीं हो रही उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान, बिजली विभाग ऑफिस में शिकायतकर्ता को नहीं मिल रहा कागज, पेन, प्रिंटआउट ,पीडीएफ भी नहीं दिया जा रहा। 1912 शिकायत केंद्र केवल नाम का शिकायत केंद्र निराकरण की उम्मीद में करते रहो इंतजार। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी विभाग पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोस्टा प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी संजू ठाकुर विजय अग्रवाल मुन्ना ठाकुर राजेश पटेल डा मोइन अंसारी मामूर गुड्डू अस्सू खान लखन श्रीवास्तव अशोक चौधरी लखन चौधरी पी पी पटेल राजू तोमर धर्मेंद्र कुशवाहा रविंद्र कुशवाहा राजा खान आदि बताया कि बिजली के बिल अधिक होने से नियत तिथि के पहले निराकरण जानबूझकर नहीं कर रहे । प्रदेश के करोड़ों उपभोक्ताओं से सरचार्ज के रूप में जानबूझकर प्रत्येक उपभोक्ता से नियत तिथि के बाद ?50 कर रहे वसूल। श्री कोष्टा के अनुसार जबलपुर में बढती गर्मी बिजली के लोड के चलते 4115 स्मार्ट मीटर हो गए खराब। यह आंकड़ा साल या माह का नहीं बल्कि बीते दो सप्ताह का है।

जिसमें बिजली के स्मार्ट मीटर या तो जल गए या चलते-चलते अचानक खराब हो गए जिन बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर खराब हो गए हैं उन्हें बिजली विभाग द्वारा एवरेज बिल थमाया जा रहा है खराब मीटर जल्द बदलने के बजाय आश्वासन दिया जा रहा है बड़ी मात्रा में स्मार्ट मीटर खराब होने पर जब सवाल उठा रहे हैं तो मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी के अधिकारियों ने सफाई देना शुरू कर दिया है कूलर, एसी, पंखा का लोड बढ़ रहा है स्मार्ट मीटर भी धूप की गर्मी नहीं झेल पा रहे हैं। तीन दिन के अंदर मीटर बदलने का दावा करने वाले अब सात आठ दिन में नहीं बदल पा रहे मीटर, इससे उपभोक्ताओं से एवरेज बिल के नाम पर की जा रही वसूली अनेक क्षेत्रों में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल नए कनेक्शन न देकर टीसी कनेक्शन के नाम पर आम उपभोक्ताओं से कर रहा वसूली।

# वित्त विधेयक के विरोध में पेंशनरों की बैठक 15 जून को

**सिवनी।** भारत सरकार द्वारा पारित वित्त विधेयक को वापस लेने हेतु प्रारंभ हुए देश व्यापी आंदोलन के तहत जिला पेंशनर्स एसोसिएशन सिवनी के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार 15 जून को बालाजी सेलिब्रेशन लॉन बारापत्थर सिवनी में प्रातः 11 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मप्र के प्रांताध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे एवं प्रभारी संभागीय अध्यक्ष जबलपुर संभाग बी.के राय मंडला भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष डी बी नायर ने देते हुए बताया कि वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एवं आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन गाजियाबाद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे के निर्देशन में विगत 22 अप्रैल को भारत सरकार को जिला कलेक्टर सिवनी के माध्यम से एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था। भारत सरकार द्वारा पारित वित्त विधेयक 1 जनवरी से प्रभावशील है। इस नाजुक अवसर पर पेंशनर्स को आलस्य त्याग कर संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय होना समय की मांग है।

जिला पेंशनर एसोसिएशन सिवनी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सिसोदिया, वरिष्ट नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष डी बी नायर ,जिला कार्यकारी अध्यक्ष भागचंद सनोडिया जिला सचिव आई एल सनोडिया,जिला कोषाध्यक्ष जी.पी.भार्गव,जिला उपाध्यक्ष सीताराम सनोडिया एवं वरिष्ट नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव रामदयाल डेहरिया ने जिला मुख्यालय के समस्त पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, जिले के समस्त ब्लॉक,/ तहसील उप शाखाओं के अध्यक्षों एवं वरिष्ट पदाधिकारियों से बौद्ध बिहार के आगे बालाजी सेलिब्रेशन लॉन बारापत्थर सिवनी में दिनांक 15 जून 2025 रविवार को सुबह 11 बजे आयोजित बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है। जबलपुर संभाग के संबंधित समस्त जिला शाखा अध्यक्षों से आग्रह है कि वे केएस ठाकुर, प्रांतीय महा सचिव भोपाल मप्र द्वारा प्रेषित पत्र के निर्देशों का पालन करते हुए सिवनी में आयोजित बैठक में उपस्थित हो।

## गिफ्ट ए डेस्क अभियान में सहभागिता कर विधायक ने उपलब्ध कराई डेस्क-बेंच

**सिवनी।** शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुविधा के? लिए जिलें के प्रत्येक विद्यालय में डेस्क उपलब्ध कराने की गिफ्ट ए डेस्क मुहिम में बड़ी संख्या में दानदाता सहभागिता कर रहें हैं। जिला प्रशासन की इस पहल पर विधायक सिवनी दिनेश राय द्वारा भी अपनी सहभागिता करते हुए सिवनी विकासखंड के 37 विद्यालयों में कुल 495 डेस्क उपलब्ध कराई गई है। विधायक दिनेश राय द्वारा गुरूवार 12 जून को मिशन स्कूल ग्राउंड से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सीईओ जनपद एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री रेखा देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। विधायक द्वारा माध्यमिक शाला जाम में 17, मनोरी में 11, हाईस्कूल जैतपुरकला में 17, हाईस्कूल मारबोडी में 07, परासिया में 22, हायर सेकेण्डरी हथनापुर में 27, प्राथमिक शाला बोरिया में 10, चंदोरीकलां में 17, छिंदग्वार में 14, ढाना में 28, दुकली में 09, जैतपुरखुर्द में 13, जामुनटोला में 18, जामुनिया सागर में 11, खैरीकलां में 09, खिरखिरी में 08, मौठारमार्ग में 18, नकटिया में 12, पिपरिया सागर में 12, पोटलपानी में 10, रनबेली में 11, सिंघोडीखाम में 09, मिडिल स्कूल बगलई में 14, पिपरिया जाम में 11, पौंडी में 16, तथा तिघरा में 07 डेस्क बेंच उपलब्ध कराई गई है।

# अहमदाबाद में प्लेन क्रैश के बाद अमेरिकी मार्केट में बोइंग का शेयर धड़ाम, आई गिरावट





**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुवार को एयर इंडिया का एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस खबर के बाद अमेरिकी शेयर मार्केट में बोइंग के शेयरों में भारी गिरावट आई। यह शेयर अमेरिकी मार्केट करीब 5 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। इस विमान हादसे में 241 यात्रियों की मौत हो गई। बोइंग अमेरिका की बड़ी कंपनी है। यह हवाई जहाज, हेलीकॉप्टर, रॉकेट, सैटेलाइट और मिसाइल बनाती और बेचती है। यह कंपनी भारत समेत पूरी दुनिया में अपना कारोबार करती है। गुरुवार को बोइंग का शेयर करीब 5त्न की गिरावट के साथ 203.60 डॉलर पर बंद हुआ। प्री- मार्केट ट्रेडिंग में भी कंपनी के शेयर में जबरदस्त गिरावट आई थी। भारतीय समयानुसार गुरुवार दोपहर 3.31 बजे बोइंग के शेयर प्री-मार्केट ट्रेडिंग में 6.42 फीसदी गिरकर 196.51 डॉलर पर आ गए थे। बुधवार को शेयर 0.80 फीसदी गिरकर 214 डॉलर पर बंद हुआ था।

### भारतीय कंपनियों पर भी पड़ा असर

एयर इंडिया के विमान हादसे के बाद गुरुवार को दूसरी भारतीय विमान कंपनियों के शेयर पर भी इसका असर दिखाई दिया था। गुरुवार को मार्केट बंद होने पर इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) का शेयर 3.31त्न की गिरावट के साथ 5446.35 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं स्पाइसजेट के शेयर में 2.40त्न की गिरावट आई और यह 44.40 रुपये पर बंद हुआ था। हादसे के बाद इंडिगो का शेयर 5420 रुपये पर आ गया था। वहीं स्पाइसजेट का शेयर 44.29 रुपये तक लुढ़क गया था।

### लंदन जा रहा था विमान

यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें 10 क्रू मेंबर और तीन छोटे बच्चे भी शामिल थे। यह हादसा अहमदाबाद के मेघानी नगर इलाके के पास हुआ था।

# मूंग उड़द की खरीदी को लेकर किसान संघ ने प्रदेश सरकार के खिलाफ फूंका बिगुल

### किसान संघ की सरकार को दो टूक, केंद्र सरकार के समक्ष भेजें प्रस्ताव नहीं तो मुख्यमंत्री निवास का होगा घेराव





**जबलपुर।** प्रदेश में किसानों के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ ने मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी न किये जाने पर मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। गुरूवार को एक साथ भोपाल, जबलपुर व इंदौर में एक साथ पत्रकारवार्ता कर सरकार पर किसानों के साथ धोखा व अन्याय करने का आरोप लगाया। जबलपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने प्रदेश के सैकड़ों तहसील मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन व ज्ञापन देकर सरकार से मूंग उड़द की खरीदी करने की मांग की।

प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों के पक्ष को रखा। लेकिन मूंग उड़द उत्पादक किसानों के प्रति प्रदेश के मुखिया ने असंवेदनशील रवैया जाहिर कर मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने से साफ मना कर दिया। श्री पटैल ने आरोप लगाया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से सांठगांठ कर किसानों से मंडियों में खुली लूट करने का न्योता दे दिया है। किसान संघ इस लूट का कड़ा प्रतिकार करेगा। पत्रकारवार्ता में प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल ने बताया कि किसान संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारियों को किसान की मूंग उड़द की समस्या से अवगत कराया तो देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की गई तो कृषि मंत्री ने किसान संघ को आश्वासन दिया कि यदि मध्यप्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर मूंग उड़द खरीदी करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजे जो वह तत्काल स्वीकृति देने के लिये तैयार है। किसान संघ ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि राज्य सरकार किसान हित में संवेदनशीलता का परिचय देते हुये तत्काल मूंग उड़द की एमएसपी खरीदी करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे। यदि राज्य सरकार प्रस्ताव भेजने में टालमटोल करती है। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में प्रदेश के लाखों किसान सीएम हाउस का घेराव करने मजबूर होगें। जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।पत्रकारवार्ता में प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी करने का आदेश जारी कर 140 खरीदी केंद्र निर्धारित कर दिये हैं और शनिवार से उन केंद्रो पर मूंग खरीदी प्रारंभ भी हो जायेगी। मध्यप्रदेश सरकार क्यों प्रस्ताव नहीं भेज रही है इसका जबाब सरकार को देना चाहिये।

### ये रहे उपस्थित

किसान संघ की इंडियन काफी हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटैल, जिलाध्यक्ष रामदास पटैल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटेल, कार्यालय मंत्री आलोक पटैल, महानगर प्रचार प्रमुख मनोज मिश्रा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मार्केट क्रैश, चार दिन बाद सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट



**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट देखी गई, जो अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे, मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और कमजोर वैश्विक बाजार रुझानों का परिणाम थी। बीएसई सेंसेक्स 1,337.39 अंक लुढ़ककर 80,354.59 पर खुला, जबकि एनएसई निफ्टी 415.2 अंक गिरकर 24,473 पर पहुंच गया। गुरुवार को भी सेंसेक्स 823 अंक की गिरावट के साथ 81,691.98 और निफ्टी 253.20 अंक टूटकर 24,888.20 पर बंद हुआ था। सुबह 9꞉16 बजे शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,136.88 अंक (1.55त्न) गिरकर 80,555.09 और निफ्टी 332.95 अंक (1.67त्न) टूटकर 24,555.25 पर कारोबार करता दिखा। यह गिरावट इजराइल-ईरान तनाव और वैश्विक बाजारों पर इसके असर के कारण हुई। इजराइल द्वारा ईरान की राजधानी पर हवाई हमले की खबरों ने वैश्विक बाजारों में तनाव बढ़ाया, जिसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर पड़ा। भू-राजनीतिक तनाव के साथ-साथ ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतों में उछाल और कमजोर एशियाई बाजारों ने भी भारतीय बाजार को प्रभावित किया। बीएसई पर सूचीबद्ध सभी 30 कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में रहे, जिनमें मेटल, ऑयल एंड गैस, फार्मा, ऑटो, पीएसयू बैंक और आईटी सेक्टर 1-1.5त्न तक गिरे। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और एशियन पेंट्स में सबसे अधिक गिरावट देखी गई।

# सिंचाई विभाग का इंजीनियर निकला धन कुबेर विला, 19 प्लॉट और कई आलीशान फ्लैट

### विदेश में बेटे की शादी में करोड़ों खर्च, कहां से आया पैसा?

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सिंचाई विभाग का एक इंजीनियर धन कुबेर निकला है। ष्ठक्कद्वारा की गई छापेमारी में उसकी संपत्ति में विला, 19 प्लॉट, कई आलीशान फ्लैट मिले हैं! यह भी पता चला है कि इंजीनियर द्वारा विदेश में बेटे की शादी में करोड़ों खर्च किया गया। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि आखिर इंजीनियर के पास कहां से आया इतना पैसा? भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्यकारी इंजीनियर नुने श्रीधर से जुड़े 13 ठिकानों पर छापेमारी की और ऐसी संपत्तियां पाई जो उनकी आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक हैं। हैदराबाद के शेखपेट में स्काई हाई नामक एक आलीशान आवासीय परिसर में 4,500 वर्ग फुट का फ्लैट, इसके अलावा करीमनगर में कम से कम तीन अन्य फ्लैट शामिल हैं।

तेलंगाना के सिंचाई एवं सीएडी विभाग में तैनात एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नुने श्रीधर को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के अनुसार, नुने श्रीधर के ठिकानों पर छापेमारी में अकूत संपत्तियों के दस्तावेज और महंगे आभूषण मिले हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नुने श्रीधर धन कुबेर निकला।



उसके पास एक विला, 19 प्लॉट, तीन आलीशान फ्लैट और 16 एकड़ कृषि भूमि के दस्तावेज मिले हैं। नूने ने अपने बेटे की शादी विदेश में की जहां पर करोड़ों रुपये खर्च हुए।

एंटी करप्शन ब्यूरो ने बताया कि इंजीनियर के घर और उसके रिश्तेदारों से संबंधित 13 अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान तेलपुर में एक विला, शेखपेट में एक फ्लैट, करीमनगर में 3 फ्लैट, अमीरपेट में वाणिज्यिक स्थान, हैदराबाद में एक इमारत, वारंगल में इमारत, करीम नगर में इमारत, 16 एकड़ कृषि भूमि, हैदराबाद, वारंगल, करीम नगर में 19 आवासीय प्राइम ओपन प्लॉट, दो चार पहिया वाहन, सोने के आभूषण और बैंक जमा सहित कई संपत्तियां मिलीं।

अधिकारियों ने बताया कि श्रीधर के पास हैदराबाद के पास तेलपुर में एक विला, वारंगल, करीमनगर और हैदराबाद में कम से कम तीन इमारतें, तीन शहरों में 19 प्रमुख आवासीय भूखंड, 16 एकड़ कृषि भूमि और करीमनगर में कई होटलों में हिस्सेदारी है, जिसकी कीमत कई करोड़ रुपये है। इसके अलावा उनके पास नकदी, आभूषण और बैंक जमा भी हैं। हैदराबाद के शेखपेट में स्काई हाई नामक एक आलीशान आवासीय परिसर भी है जोकि 4,500 वर्ग फुट में फैला है। श्रीधर ने यह भी कहा कि उन्होंने अपने बेटे के लिए थाईलैंड में एक डेस्टिनेशन वेडिंग का आयोजन किया था, जिसके सभी इंतजामों पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे। सूत्रों ने बताया कि आरोपी इंजीनियर कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना में भी शामिल था। दुनिया की सबसे बड़ी बहु-चरणीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना जो भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी हुई है। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख के चंद्रशेखर राव को भी पीसी घोष आयोग ने तलब किया है।

# सोने के भाव में आया बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जून के दूसरे हफ्ते में सोने-चांदी की कीमतों में लगातार उतार चढ़ाव का दौर देखने को मिल रहा है।आज शुक्रवार को फिर सोने चांदी के दामों में उछाल आ गया है। आज 13 जून सोने के दाम में 2120 प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतों में 1000 प्रति किलो का उछाल आया है नई कीमतों के बाद सोने और चांदी के भाव 1 लाख पर ट्रेंड कर रहे है। आज शुक्रवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 13 जून 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 93,100 , 24 कैरेट का भाव 1,01,550 और 18 ग्राम सोने का रेट 76,180 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1, 10, 000 हजार रुपए चल रहा है। 18 कैरेट सोने का आज का भाव दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 76 180/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 76, 050/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 76, 090 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 76, 500/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

22 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 93, 000/- रुपये । जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 93,100/- रुपये । हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 92, 950/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

24 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 10, 145 रुपये। दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 10, 150/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 10, 140/- रुपये । चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 10, 140/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है।

### मई में मुद्रास्फीति घटकर 2.82 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में महंगाई दर घटकर 2.82 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह छह साल का निचला स्तर है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी ने इसे प्रभावित किया। वहीं, अप्रैल 2025 में सीपीआई 3.16त्न पर आ गई। मई 2025 में महंगाई दर घटकर छह साल के निचले स्तर पर पहुंच गई। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा महंगाई दर 2.82 प्रतिशत दर्ज की गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों, फलों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अप्रैल 2025 में 3.16 प्रतिशत पर आ गई। यह मई 2024 में 4.8 प्रतिशत थी।

# जिनेवा में गूंजा भारत का नाम, डॉ. अनुपम चौकसे ने ILO के वैश्विक मंच पर बढ़ाया देश का मान

**भोपाल।** दुनिया देख रही थी और भारत बोल रहा था! जिनेवा में चल रहे 113वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में डॉ. अनुपम चौकसे ने भारत की ओर से आवाज बुलंद की। यह सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए गर्व की बात है कि LNCT समूह के सचिव और JNCT प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल के चांसलर डॉ. चौकसे ने ढ्ढरुह्र के इस वैश्विक मंच पर भारतीय उद्योग और शिक्षा जगत का प्रतिनिधित्व किया। डॉ. अनुपम चौकसे भारत सरकार के त्रिपक्षीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं, जिसमें सरकार, नियोक्ता और श्रमिक संगठनों के प्रमुख लोग भाग ले रहे हैं। वठे Indian Council of Small Industries का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं–एक ऐसी संस्था जो देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की रीढ़ है। इस प्रतिनिधिमंडल में CII, FICCI, ASSOCHAM, SCOPE, PHD चैंबर ऑफ कॉमर्स जैसे शीर्ष उद्योग संगठन भी शामिल हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 2 जून से 13 जून 2025 तक जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में आयोजित हो रहा है, जहां ILO के 187 सदस्य देशों के प्रतिनिधि सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षित कार्यस्थल और समावेशी विकास जैसे गंभीर विषयों पर विमर्श कर रहे हैं। भारत सरकार की ओर से वंदना गुरनानी, सचिव, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं, जबकि माननीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सम्मेलन में भाग लेकर भारत की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। इस सम्मेलन में NFITU के राष्ट्रीय महासचिव और LNCT विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. विराट जायसवाल ने श्रमिक संगठनों की ओर से भाग लेकर असंगठित श्रमिक वर्ग की वैश्विक आवाज को धार दी। डॉ. अनुपम चौकसे को ILO की Informal Economy Committee में नामित किया गया है, जो विकासशील देशों के असंगठित श्रमिकों के अधिकारों, सुरक्षा और कार्यस्थितियों पर केंद्रित है। यह भारत जैसे देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण और प्रभावशाली मंच है।




# निजीकरण के बाद खराब होती छवि, अब अहमदाबाद हादसा, एअर इंडिया के लिए आगे की राह कितनी मुश्किल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एअर इंडिया की शुरुआत 1932 में उद्यमी जेआरडी टाटा ने की थी। 1953 में भारत सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया था। 2022 में टाटा समूह ने सरकार के साथ 2.2 अरब डॉलर का सौदा कर एयरलाइन का संचालन फिर अपने हाथ में ले लिया। अब अहमदाबाद हादसे के बाद विमानन कंपनी की साख को बड़ा झटका लगा है। आइए इस बारे में जानते हैं। देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित एयरलाइनों में से एक एअर इंडिया की ओर से संचालित बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार को अहमदाबाद में हादसे का शिकार हो गया। विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा था, जो उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान पर चालक दल के सदस्यों समेत 242 लोग सवार थे। अधिकारियों के अनुसार, हादसे में किसी के बचने की उम्मीद काफी कम है। निजीकरण के बाद सुविधाओं के मामले में अपनी खराब होती छवि के बीच अहमदाबाद विमान हादसा एअर इंडिया के लिए एक बड़े झटके की तरह है। सरकारी टैग हटने के बाद अब तक विमानन कंपनी की साख फिर से बहाल करने के लिए टाटा समूह की ओर से क्या-क्या किया गया है? अहमदाबाद हादसे के क्या मायने हैं? आइए विस्तार से जानते हैं।



एअर इंडिया की शुरुआत 1932 में उद्यमी जेआरडी टाटा ने की थी। 1953 में भारत सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया था। सरकार के अधीन, वर्षों के कुप्रबंधन और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण एयरलाइन पर कर्ज का बोझ बढ़ता गया। उसके बाद टाटा समूह ने 2022 में 2.2 बिलियन डॉलर के सौदे में एयरलाइन का संचालन अपने हाथ में ले लिया। उसके बाद से एयरलाइन को वापस ऊंचाइयों की पर पहुंचाने की कोशिश हो रही है। लेकिन, एअरलाइन की सेवाओं पर सवाल उठने से समय-समय पर उसकी छवि खराब होती रही है। खुद केंद्रीय मंत्री विमान में मौजूद सुविधाओं पर सवाल उठा चुके हैं। इस बीच, अहमदाबाद में हुआ यह हादसा विमानन कंपनी के लिए एक बड़े झटके की तरह है। यहां से आगे की राह विमानन कंपनी के लिए बहुत कठिनाई भरी हो सकती है। एअर इंडिया वर्तमान में 43 घरेलू और 41 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरती है। मई महीने तक के आंकड़ों के अनुसार, यह 191 विमानों का संचालन करती है। इसके बेड़े में एयरबस और बोइंग दोनों विमान निर्माता कंपनियों के संकीर्ण (नैरो) और चौड़ी (वाइड) बॉडी मॉडल शामिल हैं। वर्तमान में यह देश की एकमात्र एयरलाइन है जो ऑस्ट्रेलिया से लेकर यूरोप और उत्तरी अमेरिका तक लंबी दूरी के गंतव्यों तक सीधी उड़ान भरती है। इसकी कम लागत वाली इकाई, एयर इंडिया एक्सप्रेस, भारत और विदेश में 55 गंतव्यों के लिए उड़ान भरती है, जिसका मुख्य ध्यान मध्य पूर्व के देशों पर है। टाटा समूह ने नवंबर में एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस को अपने उस समय के मौजूदा एयरलाइन्स विस्तारा और ढ्ढङ्ग कनेक्ट के साथ विलय कर दिया।

OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM
Israel attacks Iran's nuclear sites, Netanyahu thanks Trump for support Israel and US launch attacks against Iran on June 12
(WE SAID THIS ON APRIL 16, 2025)
Will the US attack Iran in June?
As per indications, if talks between Iran and US failed, there would be chances that US may attack Iran in June. Main issue between the two is the nuclear programme.

OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM
Manoj Kumar Agarwal selected as CMD, BCCL on June 12
(WE SAID THIS ON JUNE 03, 2025)
Manoj Kumar Agarwal in race for CMD, BCCL
Manoj Kumar Agarwal, Director (Technical), Bharat Coking Coal Limited, is in the race for the post of Chairman-cum-Managing Director, Bharat Coking Coal Limited (BCCL).




मनुष्य की जन्म तिथी और मृत्यु तिथी ईश्वर पहले से लिख देता है, किन्तु जिसकी मृत्यु नहीं होनी है उसे ईश्वर किसी भी बहाने से बचा लेता है।

जन्म मरण विधि हाथ।

ईश्वर अकाल मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करें एवं इस दुःख की घड़ी मे उनके परिवार एवं परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति दे.

सभी मृतको को मेरी अश्रुपूर्ण भावभीनी श्रद्धांजलि.

शांति, शांति शान्ति.

– अशोक कुमार झुंझुनवाल

## आज का दिन बहुत भारी है।

अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा सिर्फ एक समाचार नहीं है –
यह दुख का पहाड़ है,
जो ना जाने कितने घरों पर टूट पड़ा।

वो विमान सिर्फ एक मशीन नहीं थी –
वो एक चलती हुई उम्मीद थी,
जिसमें बैठे थे हमारे अपने
कोई भारत का था, कोई विदेश से था,
कोई किसी की माँ थी,
कोई बेटे के पास लौट रहा था,
कोई नौकरी के सफर में था,
कोई छुट्टी मनाकर वापस आ रहा था।

लेकिन किसी को भी क्या पता था
कि यह यात्रा उनकी अंतिम यात्रा बन जाएगी।

मन व्यथित है
हृदय मौन है
आँखें नम हैं

हम उन सभी परिवारों के साथ हैं
जो आज अपने अपनों को खो बैठे हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है –
कि जो इस हादसे में दिवंगत हुए,
उनकी आत्मा को शांति दे।
और जो इस समय पीड़ा में हैं,
उन्हें धैर्य, साहस और सहारा दे।

आज न भाषा काम आती है, न तर्कज्
बस एक बात कहनी है-

हम आपके साथ हैं।
पूरी मानवता आपके साथ है।
और यह देश, हर पीड़ित परिवार को नमन करता है।
शांति।
नमन और श्रद्धांजलि।





गुजरात मे विमान हादसे ने हृदय को झकझोर कर दिया,इस हादसे में देश के अन्य राज्यों के नागरिकों व विदेशी नागरिकों का विमान हादसे में दिवंगत हुए नागरिकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजल विधायक आरिफ मसूद ने डीबी माल के सामने दी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता थे

इस अवसर पर विधायक आरिफ मसूद ने कहा सरकार को 11 साल हो गए ओर वाहनों का नियम 10 साल का हे ओर विमान पन्द्रह पन्द्रह साल पुराने चला रहे हे में सरकार को ध्यान दिलाना चाहूंगा 1992 में विमान हादसा हुआ था ओर उस में कोई जनहानि नहीं हुई थी लेकिन नैतिकता के आधार पर उड्डियान मंत्री माधवराव सिंधिया ने इस्तीफा दिया था अब सरकार को भी सोचना चाहिए एसी घटनाओं की ना हो जब अहमदाबाद से इस घटना में मृतको की इतने बड़े पे माने पर शव निकलेगी देश समसार ना हो एसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

### गहन राष्ट्रीय शोक

अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की खबर ने हम सभी को गहरे शोक और स्तब्धता में डाल दिया है। यह हादसा न केवल दुखद है, बल्कि हमारे हृदय को झकझोर देने वाला भी है। इस दुर्घटना में जिन अनमोल जीवनों की क्षति हुई है, उनके परिजनों के लिए यह अपूरणीय क्षति है। हम उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त करते हैं जो इस दर्दनाक हादसे से प्रभावित हुए हैं। इस कठिन घड़ी में हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति दें। साथ ही, घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। ऐसी घटनाएं हमें सुरक्षा व्यवस्था की पुनः समीक्षा और सुधार की आवश्यकता की ओर संकेत करती हैं। इस राष्ट्रीय क्षति पर हम सब एकजुट होकर शोक व्यक्त करते हैं।

### नभ में बिखरे दुःख के बादल...




12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट 171 एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। इस भयावह दुर्घटना में अनेक निर्दोष यात्रियों की असमय मृत्यु ने सभी को स्तब्ध कर दिया है।

हम इस हादसे में मारे गए सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। ईश्वर उन्हें शांति प्रदान करें और शोकग्रस्त परिजनों को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति दें।

एयर इंडिया के प्लेन हादसे की खबर सुन सुनकर मन विचलित हो गया है! तस्वीरें देखी न जा रही... चंद मिनटों पहले मुस्कराता इंसान पलभर में राख हो गया।




कभी कभी लगता है कि किस बात का घमंड...

किस बात की कुंठा और क्यों इतना जहर है हम लोगों में! जबकि एक खूबसूरत शरीर से काली राख बनने में चंद सेकेंड्स ही लगते हैं।

न जाने कब हम समझ पाएंगे यह बेसिक बात कि जो जैसे खुश है...उसे खुश रहने दिया जाए! स्वयं भी खुश रहें और दूसरों को भी रहने दें। दूसरों की उपलब्धि पर खुश न हो पाएं तो कम से कम कुंठा वमन न करें।

इक दिन सब इस धरा का इस धरा पर धरा ही रह जाना है!
ईश्वर सभी मृतात्माओं को शांति प्रदान करें यही प्रार्थना है।


12-06-2025 |

गहरी संवेदनाएँ...

अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की यह दुखद घटना हमें स्तब्ध कर गई है। यह क्षति मन को भीतर तक झकझोर देने वाली है। इस शोक की घडी में हमारी गहन प्रार्थनाएँ उन सभी के साथ हैं जो इस हादसे से प्रभावित हुए हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवारों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।
सभी संबंधित प्रशासनिक अधिकारी सहायता में लगे हैं और हम उन सभी के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं जो इस कठिन घडी में लोगों की मदद कर रहे हैं।

हमारी प्रार्थनाएँ और मनःपूर्वक संवेदनाएँ आपके साथ हैं।
ॐ शांति! शांति! शांति!





Post

Tata Group
@TataCompanies

We are deeply anguished by the tragic event involving Air India Flight 171.

No words can adequately express the grief we feel at this moment. Our thoughts and prayers are with the families who have lost their loved ones, and with those who have been injured.

Tata Group will provide ₹1 crore to the families of each person who has lost their life in this tragedy. We will also cover the medical expenses of those injured and ensure that they receive all necessary care and support. Additionally, we will provide support in the building up of the B J Medical's hostel.

We remain steadfast in standing with the affected families and communities during this unimaginable time.

- N Chandrasekaran
Chairman, Tata Sons

5:48 PM · Jun 12, 2025 · 73.5K Views

102 634 2.5K 78

Read 102 replies

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना

# एक पल में सब कुछ बदल गया...

कभी-कभी ज़िंदगी इतनी बेपरवाह हो जाती है कि वो एक ही पल में सब कुछ बदल देती है। अहमदाबाद विमान दुर्घटना भी कुछ ऐसा ही हादसा बन गई, जिसने कई जिंदगियाँ उजाड़ दीं। किसी के घर का चिराग बुझ गया, किसी का सहारा छिन गया और किसी की पूरी दुनिया ही खत्म हो गई।

हमें पता था कि ज़िंदगी अनिश्चित है, लेकिन ये इतनी बेरहम भी हो सकती है – शायद किसी ने नहीं सोचा था।

एक आम दिन था। लोग अपने-अपने सपनों की उड़ान भरने निकले थे। किसी को अपनों से मिलना था, कोई अपने करियर की शुरुआत करने वाला था, कोई पहली बार हवाई सफर पर था, तो कोई ज़िम्मेदारियों की वजह से दूर जा रहा था। लेकिन किसे पता था कि ये उड़ान ही उनकी आखिरी उड़ान बन जाएगी?

हादसे की ख़बर आते ही जैसे देश का दिल थम गया। टीवी स्क्रीन पर काले धुएं की तस्वीरें, लोगों की चीखें, और भागते हुए बचावकर्मीज हर दृश्य अंदर तक झकझोर देने वाला था।

एक पिता जो लौट नहीं पाए।

उस विमान में कोई पिता था, जो अपनी बेटी के जन्मदिन पर गिफ्ट लेकर लौट रहा था। लेकिन अब वो गिफ्ट तो पहुंचाज पर देने वाला नहीं। वो छोटी बच्ची आज भी दरवाजे की ओर देखती होगी, शायद सोचती होगी पापा क्यों नहीं आए?

एक माँ जिसकी ममता अधूरी रह गई।

एक माँ थी उस फ्लाइट में, जो अपने बेटे को पढ़ाई के लिए भेज रही थी। जाते वक़्त उसने सिर पर हाथ फेरा था और कहा था जल्दी वापस आना बेटा, तुम्हारी पसंद की खीर बनाऊंगी। लेकिन अब उस माँ की आँखों में आँसू हैं, और दिल में अधूरा इंतज़ार।

एक नवविवाहित जोड़ा जिनकी ज़िंदगी शुरू भी नहीं हुई थी।

कुछ सपने उड़ान भरने ही वाले थे, लेकिन किस्मत ने



उन्हें ज़मीन पर ही तोड़ दिया।

हमें नहीं पता, उनके परिजनों पर क्या बीत रही होगी। वो हर सुबह जो अब कभी पहले जैसी नहीं होगी। वो हर रात, जो अब खामोशी से भरी होगी। फोटो फ्रेम में कैद मुस्कुराते चेहरे, और घर के कोनों में उनकी हँसी की यादें – ये सब अब उन्हें ही रह गईं हैं जो पीछे छूट गए।

हम भूल जाते हैं कि जो गया है, वो सिर्फ एक नाम नहीं था। वो किसी की माँ, किसी का भाई, किसी की बहन, किसी का सपना था। और जब ऐसा कोई चला जाता है –एक परिवार हमेशा के लिए अधूरा हो जाता है।

यह सिर्फ एक हादसा नहींज्एक सवाल है!

हर हादसा एक सवाल लेकर आता है –

क्या हम वाकई सुरक्षित हैं?

क्या सिस्टम, टेक्नोलॉजी और जिम्मेदारियों ने हमसे मानवीयता छीन ली है?

क्यों आज भी हादसे होते हैं, और क्यों हर बार जवाबों से पहले आँसू आते हैं?

लेकिन इस समय, सवालों से पहले संवेदना ज़रूरी है।

क्योंकि आज कई लोग टूट गए हैं।

कई घर वीरान हो गए हैं।

और कई दिल हमेशा के लिए ख़ामोश हो गए हैं।

हम सबका कर्तव्य बनता है

इस हादसे में जान गंवाने वालों को सिर्फ 2 मिनट की श्रद्धांजलि नहीं चाहिए, उन्हें चाहिए – हमारी संवेदना, हमारे शब्द, और हमारी एकजुटता।

हमें उनके परिवारों के साथ खड़ा होना चाहिए।

कभी एक मैसेज, कभी एक कॉल, कभी एक छोटी सी मददज्शायद उनके दर्द को थोड़ा कम कर दे

हां, वो अब हमारे बीच नहीं हैंज्लेकिन उनकी यादें हैं।

उनकी हँसी, उनका स्पर्श, उनकी बातें – सब हमारे दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगे।

उनकी आखिरी उड़ान भले ही दर्दनाक रही हो, लेकिन अब वो एक ऐसी दुनिया में हैं – जहाँ कोई हादसा नहीं होता।

हम सबकी तरफ़ से

हम उन सभी दिवंगत आत्माओं को नमन करते हैं,

जिन्होंने इस विमान दुर्घटना में अपनी ज़िंदगी खो दी।

हम दुआ करते हैं कि ईश्वर उनके परिवारों को इस दुःख की घड़ी में हिम्मत दे,

और जो घायल हैं, उन्हें शीघ्र स्वस्थ करें।

कुछ शब्द उन परिवारों के लिए

आपका दर्द हमारा भी है

आपकी पीड़ा हमारी भी है

और आपके आँसू, हमारे दिल को भी भीगाते हैं।

हम आपके साथ हैं – हर शब्द, हर साँस, हर दुआ में।



क्षणभंगुर जीवन की पुकार
अहमदाबाद में जो हुआ,
वो सिर्फ एक हादसा नहीं था -
वो जीवन की उस सच्चाई का आईना था,
जिससे हम रोज़ नज़रें चुराते हैं।

हम लड़ते हैं, रूठते हैं,
झूठी 'ईगो' की चादर में
रिश्तों को बेमानी कर देते हैं।
पर क्या मालूम
जिससे हम आज बात नहीं करना चाहते,
वो कल शायद इस दुनिया में हो ही न।

ज़िंदगी सच में बहुत नाज़ुक है,
ना जाने कौन-सा लम्हा आख़िरी हो।
पर हम तो हर लम्हे को गुस्से,
शक, मतभेद और नफ़रत से भर देते हैं।

क्या वाकई इतनी जगह है हमारे दिल में
कि प्रेम की जगह शक ले ले?
क्या इतनी फ़ुर्सत है हमारे पास
कि माफ़ी देने से ज़्यादा
बदला सोचें?

सोचिए - अगर आज कोई चला जाए,
तो क्या हम सच में चैन से जी पाएंगे?
या फिर वो अधूरे संवाद,
वो अनकही बातें,
रातों की नींद छीन लेंगे?

जीवन की सार्थकता तो
प्रेम, क्षमा और करुणा में है।
बाक़ी तो सब क्षणिक हैज
एक पल की बात है, और सब बदल जाता है।

तो आइए –
आज ही किसी रूठे अपने को मनाएं,
माफ़ करें – चाहे गलती उनकी हो या हमारी,
बात करें – क्योंकि मौन कभी-कभी अंतिम हो जाता है,
प्रेम बांटें – क्योंकि यही हमारी सबसे सच्ची विरासत है।

–आज के हादसे ने फिर याद दिलाया -ज़िंदगी
अनमोल है, पर स्थायी नहीं।
रिश्तों को हल्के में न लें। क्योंकि वक्त नहीं बताता कि
अगला मौका मिलेगा या नहीं

### राज्य स्तरीय पर्यावरण कार्यशाला में 2000 अफसर हुए शामिल

# नगर परिषद से निगम तक पौधरोपण का लक्ष्य

### अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** रविन्द्र भवन में शुक्रवार को राज्य स्तरीय शहरी पर्यावरण पर कार्यशाला शुरू हुई। सबसे पहले गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान परिसर में आए सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में 1 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य समेत सिटी इन द गार्डन जैसी कई मुहिमों पर चर्चा हुई। दरअसल, कार्यक्रम की थीम मानसून के




आगमन और शहरी हरियाली को लेकर है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास संजय कुमार शुक्ल एवं कार्यशाला में प्रदेश भर के नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग के कमिश्नर संकेत भोंडवे एवं अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, सीएमओ, कमिश्नर, महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं, प्रतिनिधि, नर्सरी संचालक, पर्यटन विभाग, मेट्रो प्राधिकरण और अन्य संगठनों से लगभग 2000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि



शहरी पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में यह अभियान एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि हमें केवल पार्कों में हरियाली तक सीमित नहीं रहना, बल्कि सिटी इन द गार्डन के विजन को साकार करना है, यानी ऐसा शहर बनाना है जो खुद एक बाग हो।

**प्रशिक्षण और मास्टर ट्रेनर की योजना**

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि जो लोग पर्यावरण के क्षेत्र में विशेष रुचि रखते हैं, उन्हें मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता फैला सकें और स्थानीय स्तर पर पौधारोपण को प्रभावी बना सकें।

### कानून और नीति सुधार पर बल

पेड़ काटने के दंडनीय अपराध नियम का सख्ती से पालन किया जाएगा। बिल्डिंग परमिशन से संबंधित नियमों का अब सख्ती से पालन किया जाएगा। हर संस्थान, विश्वविद्यालय, कॉलेज और सरकारी कार्यालय को अपनी कम से कम 15 प्रतिशत जमीन पर पौधरोपण करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में बताया गया कि डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा, जिसमें पौधरोपण की जानकारी दर्ज की जाएगी। साथ ही अच्छे कार्यों के लिए नगरीय निकायों को 5 करोड़ रुपए तक का विशेष प्रोत्साहन देने की घोषणा की गई है। वहीं, संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि कई क्षेत्रों में एक्यूआई नियंत्रण में आना शुरू हो गया है, लेकिन अभी भी कुछ इलाके जैसे पीथमपुर में स्थिति चिंताजनक है। लक्ष्य है कि ऐसे क्षेत्रों का एक्यूआई 50 से नीचे लाया जाए।

### अमृत हरित महाअभियान में प्रमुख पहल

- 1 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रत्येक नगरीय निकाय को उनकी जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार पौधारोपण का दायित्व सौंपा जाएगा।
- पीथमपुर में 11 लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है।
- हर नागरिक को ग्रीन सोल्जर की भूमिका में देखा जाएगा।
- 5 जून से महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा पौधरोपण की शुरुआत हो चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास संजय कुमार शुक्ल रहे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर विकास विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडव ने कार्ययोजना तैयार की है। जिसके तहत पौधरोपण अभियान पर जोर दिया जा रहा है। आयुक्त के प्रयासों और अपील का लोगों पर असर भी हुआ है। पौधरोपण के लिए लोग जागरूक हो रहे हैं। प्रदेश में अमृत हरित महाअभियान का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। आयुक्त संकेत भोंडवे के निर्देश पर अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के साथ ही लोगों को भी जानकारी देने के लिए कार्यशाला का



आयोजन किया जा रहा है। अब अर्बन फॉरेस्ट्री विंग बनाने की तैयरी की जा रही है। पौधे लगाने से लेकर उनकी देखभाल तक की की जिम्मेदारी नगरीय निकायों की होगी। यह पहला मौका है जब इस तरह का कदम पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाया गया है। भवनों की अनुमति को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। अनुमति अब उन्हीं को मिलेगी जो पौधरोपण करेंगे। 13 से 14 जून को 15 सौ से ज्यादा अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। पीपीपी मोड पर अभियान को चलाया जाएगा। खास बात यह है कि प्रदेश के सभी जिलों में इसे एक साथ शुरू किया जाएगा। नगरीय विकास और आवास विभाग ने शहरी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी और घटती हरियाली को सुधारने के लिए अमृत हरित अभियान की शुरूआत की है। इस पहल के तहत प्रदेश के नगरीय निकायों में हरित क्षेत्रों का विस्तार करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश में इंदौर की हरप्रीत होरा का भी निधन, पति के पास लंदन जा रही थीं

**इंदौर।** अहमदाबाद में हुई दुखद प्लेन क्रैश घटना में मरने वाले यात्रियों में इंदौर की हरप्रीत होरा भी थीं। हरप्रीत इंदौर के राज मोहल्ले में रहने वाले होरा परिवार की बहू थीं। उनके पति राबी होरा और बेटा लंदन में ही रहते हैं। वह उन्हीं के पास वापस लंदन लौट रही थीं और इस दुखद घटना की शिकार हो गईं। उनके परिजनों ने मौत की पुष्टि की है।



**पति लंदन से आ रहे इंदौर–** जानकारी के अनुसार पति लंदन से लौट रहे हैं और वह इंदौर आएंगे और यहां से सभी परिजन फिर अहमदाबाद जाएंगे। इस घटना से सभी स्तब्ध हैं। मायके और ससुराल दोनों ही जगह हरप्रीत की मौत से सन्नाटा पसरा है। यात्रियों की लिस्ट में वह 65वें नंबर थीं।

बता दें कि अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में अब तक 265 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें से 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर और क्रू मेंबर्स थे, जबकि 5 मृतक उस मेडिकल हॉस्टल से थे, जहां विमान गिरा था। बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर विमान गिरने के समय वहां 50 से अधिक लोग मौजूद थे, लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हॉस्टल में कितनी मौतें हुई हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह अहमदाबाद पहुंचे और सबसे पहले घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद वे सिविल अस्पताल गए, जहां उन्होंने करीब 10 मिनट तक पीड़ितों से मुलाकात की।

## नरसिंहपुर के गाडरवारा में करंट लगने से तीन मजदूरों की मौत, सीएम मोहन यादव ने मुआवजे की घोषणा की

**नरसिंहपुर।** जिले के गाडरवारा में एक दुखद घटना हुई। जमाडा रोड पर स्थित श्री पैलेस मैरिज गार्डन में बिजली का काम चल रहा था। इस दौरान करंट लगने से तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा गुरुवार को हुआ। मृतकों में एक मजदूर इंदौर का रहने वाला था, जबकि दो स्थानीय थे। प्रशासन ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने शोक व्यक्त किया और जांच की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। वहीं, सीएम मोहन यादव ने भी दुख व्यक्त करते हुए मुआवजे की घोषणा की है।

सीएम मोहन यादव ने कहा कि हम पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मृत श्रमिकों के निकटतम वैध वारिसों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।




भोपाल विमानतल पर पहली फ्लाइट से लौटे हज यात्रियों स्वागत किया गया।